तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 26 जून 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

2
तपती दुपहरी में मितानिनों ने संविलियन करने मानदेय बढ़ाने की मांग को लेकर घेरा कलेक्ट्रेट



## खबर संक्षेप

### लिखित परीक्षा का आयोजन 5 जुलाई को

**कोरबा।** आयुक्त आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास रायपुर द्वारा दिये गये निर्देशानुसार मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजनान्तर्गत वर्ष 2026-27 में कक्षा 6 वीं में प्रवेश हेतु लिखित परीक्षा का आयोजन 5 जुलाई को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक किया जायेगा। उल्लेखनीय है कि उक्त परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु जिले के पात्र विद्यार्थियों से 15 जून तक आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया था।

### रिक्त सीटों में प्रवेश हेतु आवेदन 10 जुलाई तक

**कोरबा।** प्रयास आवासीय विद्यालय डिंगापुर कोरबा में बालक/बालिका कक्षा 11 वीं में 6 सीट रिक्त है। इन रिक्त सीटों पर प्रवेश प्राक्चयन परीक्षा के माध्यम से होगा। परीक्षा में शामिल होने हेतु कक्षा 10 वीं बोर्ड परीक्षा में न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक या समकक्ष ग्रेड से उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। प्रयास आवासीय विद्यालय बालक/कन्या डिंगापुर में चयन हेतु प्रदेश के संपूर्ण अनुसूचित क्षेत्र में स्थित शासकीय/ अशासकीय शालाओं से कक्षा 10 वीं उत्तीर्ण विद्यार्थी होना चाहिये। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 10 जुलाई है। प्राप्त आवेदन के पात्र-अपात्र सूची का प्रकाशन 14 जुलाई को किया जायेगा। प्रवेश हेतु प्राक्चयन परीक्षा 19 जुलाई को प्रातः 11 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक परीक्षा केन्द्र प्रयास आवासीय विद्यालय डिंगापुर कोरबा में आयोजित की जायेगी। प्रवेश पत्र जारी होने की तिथि 19 जुलाई और परीक्षा परिणाम घोषित होने की तिथि 22 जुलाई निर्धारित की गई है। आवेदक को निर्धारित प्रारूप में आवेदन 10 जुलाई शाम 5 बजे तक कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास, कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक 12 में पंजीकृत डाक से माध्यम से अथवा स्वयं उपस्थित होकर जमा करना होगा।

### एकलव्य आवसीय विद्यालय में प्रवेश हेतु काउंसलिंग कार्यक्रम तक

**कोरबा।** शैक्षणिक सत्र 2026-27 में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों (ईएमआरएस) की कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए चयनित विद्यार्थियों की काउंसलिंग एवं दस्तावेज सत्यापन का कार्यक्रम जारी किया गया है। कलेक्टर (आदिवासी विकास) कार्यालय कोरबा द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार प्रवेश प्रक्रिया राष्ट्रीय शिक्षा समिति नई दिल्ली के दिशा-निर्देशों के अनुरूप ऑनलाइन माध्यम से संपादित की जाएगी। जारी सूचना के अनुसार प्रवेश परीक्षा के परिणाम एवं मेरिट सूची के आधार पर पात्र अभ्यर्थियों को काउंसलिंग हेतु आमंत्रित किया गया है। निर्धारित कार्यक्रम के तहत विकासखंड स्तर की काउंसलिंग 30 जून एवं 1 जुलाई को आयोजित होगी। इसके बाद जिला स्तरीय काउंसलिंग 2 जुलाई तथा राज्य स्तरीय काउंसलिंग 3 जुलाई को संपन्न कराई जाएगी। वहीं विशेष पिछड़ी जनजाति समूह तथा प्रवेश दिशा-निर्देशों में उल्लेखित आरक्षित वर्ग के विद्यार्थियों के लिए 4 जुलाई को काउंसलिंग आयोजित की जाएगी।

### सेवा सेतु से आसान हुई नागरिक सेवाएं

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ शासन की सेवा सेतु पहल ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों के नागरिकों तक शासकीय सेवाओं की सहज, त्वरित एवं पारदर्शी पहुंच सुनिश्चित कर रही है। इस व्यवस्था के माध्यम से विभिन्न प्रमाण पत्रों एवं आवश्यक सेवाओं के लिए लोगों को अब बार-बार कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ रहे हैं। समय और धन की बचत के साथ नागरिकों को निर्धारित समयावधि में सेवाओं का लाभ मिल रहा है, जिससे शासन की जनहितकारी पहल के प्रति लोगों का विश्वास भी मजबूत हो रहा है। इसी कड़ी जिले की पाली तहसील अंतर्गत नानबांका निवासी रनसिंह नेटी ने अपने पुत्र सुनील कुमार के लिए आय प्रमाण पत्र बनवाने हेतु लोक सेवा केंद्र सुतर्रा में आवेदन प्रस्तुत किया था।

# खदान में चोरी के मामले में सीआईएसएफ अब सीधे करेगी एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल गेवरा क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को अभेद्य बनाने और कोयला माफियाओं पर नकेल कसने सहित अवैध गतिविधियों के लिए एक ऐतिहासिक बदलाव किया गया है। केंद्र सरकार व कोल मंत्रालय के निर्देशानुसार अब खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम 1957 एमएमडीआर एक्ट के तहत सीआईएसएफ को सीधे तौर पर सक्षम न्यायालय में अभियोजन वाद प्रस्तुत करने का सीधा वैधानिक अधिकार मिल गया है।

केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के नव-पदस्थ उप महानिरीक्षक रघुवीर नरेन ने गुरुवार को आयोजित बैठक में इन नई रणनीतियों और कड़े कानूनी कदमों की विस्तृत जानकारी साझा की। इस नए अधिकार के मिलने से अब अपराधियों और कोयला माफियाओं के खिलाफ बिना किसी विलंब के त्वरित व कड़ी कानूनी कार्रवाई संभव हो सकेगी। एमएमडीआर एक्ट की धारा 21 के अंतर्गत मुख्य अपराधों के लिए अपराधियों को कानून के दायरे में लाकर 5 साल तक की जेल और भारी जुर्माने की सजा का प्रावधान किया गया है। रॉयल्टी व मूल्य की वसूली अवैध रूप से निकाले गए खनिज पर सरकार द्वारा की जाने वाली कार्रवाई धारा 21(5) अवैध खनिज का पूरा मूल्य रॉयल्टी तथा अन्य देय राशि की सख्त वसूली की जाएगी। अवैध खनन और अवैध परिवहन/भंडारण के मामलों में 5 साल की जेल और 5 लाख रुपए प्रति हेक्टेयर जुर्माना का प्रावधान है। नियमों का लगातार उल्लंघन करने पर हर दिन के हिसाब से 50 हजार रुपए का अतिरिक्त जुर्माना लग सकता है। प्रशासन को अवैध कार्य में शामिल वाहनों और मशीनों को मौके पर ही जब्त करने का पूरा अधिकार है। डीआईजी नरेन ने कहा कि इन नई पहलों और कड़े कानूनों का प्राथमिक उद्देश्य खदानों में एक सुरक्षित व्यवस्थित और शांतिपूर्ण माहौल तैयार करना है इससे एसईसीएल के अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ-साथ आउटसोर्सिंग कंपनियों में काम करने वाले मजदूरों और कामगारों को बेहतर सुरक्षा कवच मिलेगा वे बिना किसी भय के राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दे सकेंगे इस कड़े कानून की शुरुआत देश की सबसे बड़ी खदानों में शुमार एसईसीएल गेवरा-दीपका से होने जा रही है जिसे बाद में अन्य खदानों में भी लागू किया जाएगा ।

### 5 साल की सजा और जुर्माने की हो सकती है कार्रवाई

**खास बातें**

- खनिज अधिनियम 1957 के तहत न्यायालय में अभियोजन वाद प्रस्तुत करने का मिला अधिकार

**दीपका व गेवरा में बनेगा सीआईएसएफ चौकी**

सीआईएसएफ के डीआईजी रघुवीर नरेन ने औद्योगिक सुरक्षा को जमीनी स्तर पर मजबूत करने और खदान क्षेत्रों में अवैध गतिविधियों को पूरी तरह रोकने के लिए प्रमुख हाईटेक योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि गेवरा और दीपका खदान क्षेत्रों में चौबीसों घंटे सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए स्थाई रूप से सीआईएसएफ चौकी तैयार की जाएगी । कोयला परिवहन लोडिंग और अनलोडिंग की प्रक्रियाओं को पूरी तरह पारदर्शी और सुरक्षित बनाने के लिए सभी कांटा घरों को आधुनिक तकनीक से लैस किया जाएगा। पूरी खदान और परिवहन रूट पर डिजिटल सीसीटीवी कैमरों के जरिए 24 घंटे पैनी नजर रखी जाएगी ताकि कोयला चोरी और अन्य संदिग्ध गतिविधियों पर पूरी तरह लगाम लगाई जा सके।

### आंशिक सूखे की आशंका जताई विभाग ने

# अल्पवर्षा का असर, इस वर्ष 22 सौ हेक्टेयर कम हुआ बोनी का रकबा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में अल्प वर्षा का असर खेती में पड़ने लगा है। 25 दिन गुजरने के बाद भी बारिश न होने की स्थिति को देखते हुए आंशिक सूखे की संभावना जताई है। विभाग ने बीते वर्ष की तुलना में इस वर्ष बोनी का रकबा 22 सौ हेक्टेयर कम कर दिया है। इससे फसल की पैदावार भी कम होगी।

**खास बात**

- किसानों को कम अवधि में तैयार होने वाली फसल लेने की सलाह

बीते वर्ष इस अवधि में जिले का बोनी रकबा 10 हजार हेक्टेयर के लगभग पहुंच चुका था। इस वर्ष बोनी रकबा अब तक 7889 हेक्टेयर दर्ज किया गया है। जो बीते वर्ष की तुलना में 8.77 प्रतिशत है। बीते वर्ष बोनी रकबा का लक्ष्य 19.15 प्रतिशत था। इस वर्ष बारिश न होने की स्थिति में आने वाले दिनों में भी बोनी रकबा ना बढ़ने की संभावना भी विभाग ने जताई है। उसके मुताबिक किसानों को धान की जगह अन्य फसल लेने की सलाह विभाग द्वारा दी जा रही है। विभाग को मैदानी अमले से मिल रही रिपोर्ट के अनुसार कई ऐसे क्षेत्र हैं जहां अभी भी बोनी की शुरुआत नहीं हुई है। हाल ही के दिनों में कुछ स्थानों में हल्की बारिश होने के कारण बोनी की गई है किन्तु वह भी खेती की स्थिति के लायक नहीं है। किसानों की परेशानी को देखते हुए विभाग ने दलहन सहित अन्य फसल लेने के लिए किसानों को सलाह दी है। विभागीय अधिकारियों ने मैदानी क्षेत्र के निरीक्षण के दौरान यह पाया है कि अगर आने वाले दिनों में यही स्थिति रही तो फसल का उत्पादन भी प्रभावित होगा। किसानों को खाद के उठाव को लेकर विभाग के द्वारा राहत भी दी जा रही है ताकि किसानों को खाद के लिए भटकना न पड़े। धान के बदले में जो अन्य फसल ली जा रही है, उसमें खाद का संकट किसानों के सामने न आए। इसे देखते हुए खाद का भंडारण 71 प्रतिशत कर दिया गया है। वहीं 59 प्रतिशत खाद का उठाव भी हो चुका है।



फाइल फोटो

**फसल विवरण**

| फसल | 2025 की स्थिति | 2026 की स्थिति |
|---|---|---|
| धान | 91712 हेक्टेयर | 90000 हेक्टेयर |
| अनाज | 103980 हेक्टेयर | 102930 हेक्टेयर |
| दलहन | 12589 हेक्टेयर | 13903 हेक्टेयर |
| तिलहन | 4287 हेक्टेयर | 4570 हेक्टेयर |

### अन्य फसल लेने पर मिलेगी 15 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि

अल्प वर्षा की स्थिति को देखते हुए किसानों को अन्य फसल लेने के लिए राज्य सरकार द्वारा अब तक 10 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जाती थी, इस वर्ष 5 हजार रुपए प्रोत्साहन राशि बढ़ाकर उसे 15 हजार रुपए कर दिया गया है। ताकि किसान धान की जगह दलहन, तिलहन जैसे अनाज की फसल ले सकें। इस वर्ष अनाज की फसलों पर बोनी रकबा भी बीते वर्ष की तुलना में बढ़ाया गया है। वहीं धान का कुल रकबा बीते वर्ष की तुलना में 1712 हेक्टेयर कम किया गया है। अधिक पानी की जरूरत पड़ने के कारण धान के रकबे को कम करने की मजबूरी विभाग के सामने इसलिए आई है, कि जिले में सिंचाई के साधन किसानों को उपलब्ध नहीं है।

### बीते वर्ष की तुलना में कम हुई बोनी

अल्प वर्षा के कारण आंशिक सूखे की स्थिति निर्मित होने लगी है। किसानों को धान की जगह अन्य फसल लेने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। जून महीने तक बीते वर्ष बोनी रकबा 10 हजार हेक्टेयर पहुंच चुका था। इस वर्ष बोनी रकबा 7 हजार 200 के लगभग हुआ है। यही स्थिति रही तो धान का उत्पादन प्रभावित होगा।

**-डीपीएस कंवर,** उप संचालक कृषि

# स्कूटी व गैस सिलेंडर की चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में अपराधों पर नियंत्रण और आम नागरिकों की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए जिला पुलिस द्वारा चलाए जा रहे सजग कोरबा–सतर्क कोरबा अभियान के तहत लगातार कार्रवाई की जा रही है।

**खास बात**

- सिविल लाइन थाना क्षेत्र के रामपुर का मामला

इसी कड़ी में पुलिस चौकी सीएसईबी और थाना सिविल लाइन रामपुर पुलिस ने स्कूटी चोरी और चोरी के अन्य मामलों में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों को पकड़ने में सफलता हासिल की है।

सिविल लाइन रामपुर थाना क्षेत्र में दर्ज स्कूटी चोरी के एक मामले की जांच के दौरान पुलिस सहायता केंद्र सीएसईबी की टीम ने दो विधि से संघर्षरत बालकों को अभिरक्षा में लिया। पूछताछ के दौरान दोनों ने अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर स्कूटी चोरी करने की बात स्वीकार की। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी गई स्कूटी बरामद कर ली। इसके बाद दोनों बालकों को किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। एक अन्य स्कूटी चोरी के मामले में भी थाना सिविल लाइन रामपुर पुलिस को सफलता मिली है। अपराध क्रमांक 564/2026 के तहत दर्ज प्रकरण में चोरी गई स्कूटी वाहन क्रमांक सीजी 12 एवाई 5376 की तलाश के दौरान दो विधि से संघर्षरत बालकों से पूछताछ की गई। जांच में दोनों ने मिलकर स्कूटी चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस ने आवश्यक वैधानिक कार्रवाई करते हुए उन्हें किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया, जहां से न्यायिक रिमांड प्राप्त किया गया। इसके अलावा पुलिस ने गैस सिलेंडर और स्टील सामग्री चोरी करने वाले आरोपी को भी गिरफ्तार किया है। थाना सिविल लाइन रामपुर में दर्ज एक मामले की जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी दिलचंद आदिले (23 वर्ष) निवासी अटल आवास खम्हरिया को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने घर के पीछे रखे गैस सिलेंडर और स्टील सामग्री चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी के कब्जे से चोरी का सामान बरामद कर लिया गया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।

# युवती से मोबाइल व रकम की लूट, जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर के एक निजी कपड़ा दुकान में काम करने वाली एक युवती अपना वेतन लेकर पैदल घर की ओर जा रही थी। इसी दौरान एक्सीस बैंक के समीप मोटर सायकल सवार दो युवक युवती के पास पहुंचे और मोबाइल सहित लगभग 10 हजार रुपए लूटकर फरार हो गए। युवती की शिकायत पर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर मोबाइल स्नेचिंग व नगदी रकम लूटने वाले युवकों की तलाश शुरु कर दी है।

सीएसईबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत चिमनीभट्ठा निवासी नेहा पांडेय श्रीराम वस्त्रालय हीरानंद काम्पलेक्स में काम करती है। 22 जून को वह श्रीराम वस्त्रालय से अपना वेतन लेकर अपने घर पैदल जा रही थी। रात करीब 9:50 बजे एक्सीस बैंक के पास मोटर सायकल सवार दो अज्ञात युवक उसका वीवो कम्पनी का मोबाईल फोन व वेतन की रकम छीनकर भाग गए। नेहा पाण्डेय ने पुलिस को बताया कि वह वेतन की रकम 9840 रुपए व मोबाईल फोन के अपने पैंट के सामने तरफ रखी थी। वह अपने मोबाईल फोन में बात करने के लिए मोबाईल फोन व पैसे को कान के पास ले गयी कि तभी ऐक्सीस बैंक के पास मेन रोड में दो अज्ञात युवक एक मोटर सायकल में पीछे की ओर से आए और नेहा का मोबाईल फोन ले भागे। नेहा पाण्डेय की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात मोटर सायकल सवार के विरुद्ध धारा 304(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर पतासाजी शुरु कर दी है।

# आसान किश्तों में बैंक लोन दिलाने के नाम पर ठगी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बैंक से तत्काल लाखों का लोन दिलाने का सब्जबाग दिखाकर अलग अलग लोगों से लाखों रुपए की ठगी की घटना को अंजाम देने वाले आरोपी को साइबर पुलिस की टीम ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी के पास से टीम ने 27 हजार रुपए नगद बरामद किया है। आरोपी युवक को न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल किया गया है। युवक द्वारा जिले के कई लोगों को कम से कम कागजी दस्तावेज के जरिये लोन दिलाने का लालच देकर रकम की ठगी की गई थी।

**खास बातें**

- साइबर पुलिस ने आरोपी युवक से जप्त किया 27 हजार रुपए
- यूट्यूब से सीखता था साइबर ठगी करने का तरीका




पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

जानकारी के अनुसार बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत रिस्दी निवासी पुष्पेंद्र कुमार मेहर द्वारा जिले में अलग अलग लोगों को कम मासिक किश्तों में आसान बैंक लोन दिलाने का प्रलोभन देकर साइबर ठगी की घटनाओं को अंजाम देता था। जांच में यह भी सामने आया कि वह अलग-अलग व्यक्तियों के नाम पर सिम कार्ड प्राप्त कर उनका उपयोग साइबर अपराधों में करता था तथा बाद में साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से संबंधित सिम कार्ड नष्ट कर देता था। साइबर थाना में दर्ज अपराध की विवेचना के दौरान पुलिस ने ग्राम सेमरा, थाना डबरा, जिला शक्ति निवासी तथा हाल मुकाम रिस्दी निवासी 25 वर्षीय पुष्पेन्द्र कुमार मेहर को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में पुष्पेंद्र ने स्वीकार किया कि उसने वर्ष 2023 में भी एक व्यक्ति को लोन दिलाने का झांसा देकर उसके खाते से 40 हजार रुपए की धोखाधड़ी की थी। 22 जून को आरोपी ने रूमगढ़ा चौक क्षेत्र में व्यवसाय करने ⏭ शेष पेज 3 पर

### प्रभावित ग्राम मड़वाढोढा के भूविस्थापितों ने 22 जून को गेवरा खदान में खनन किया था बाधित

# आंदोलन करने वाले पालिका उपाध्यक्ष व उसके पति के खिलाफ जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बांकीमोंगरा नगर पालिका की उपाध्यक्ष श्रीमती गायत्री कंवर व उनके पति श्रमिक नेता गोवर्धन कंवर सहित आंदोल करने वाले अन्य ग्रामीणों के विरुद्ध अपराध दर्ज किया गया है। इनके खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा, आर्थिक नुकसान, कर्मचारियों को धमकी, शासकीय संपत्ति को नुकसान पहुँचाने की धमकी तथा अन्य आरोप लगाए गए हैं।

उल्लेखनीय है कि 22 जून की सुबह लगभग 10 बजे गेवरा खदान से प्रभावित ग्राम मड़वाढोढ़ा निवासी श्रमिक नेता गोवर्धन कंवर व नगर पालिका बांकीमोंगरा की उपाध्यक्ष श्रीमती गायत्री कंवर अन्य ग्रामीणों के साथ बिना किसी पूर्व सूचना के भूविस्थापितों की मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया था। इस घटनाक्रम को लेकर एसईसीएल गेवरा प्रबन्धन का आरोप है कि उक्त लोगों द्वारा प्रबंधन के बिना वैधानिक अनुमति के गेवरा खदान के खनन क्षेत्र में प्रवेश किए थे इस दौरान आंदोलन कर रहे ग्रामीणों द्वारा बलपूर्वक एवं गैरकानूनी तरीके से वहाँ संचालित खनन कार्य में हस्तक्षेप किया तथा चल रही मशीनों एवं खनन कार्य को जबरन रुकवा दिया। जब अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा उन्हें समझाने का प्रयास किया गया, तब उन्होंने कर्मचारियों को धमकी दी तथा शासकीय एवं सार्वजनिक संपति को नुकसान पहुँचाने की धमकी देकर भय एवं अशांति का वातावरण निर्मित किया। जिसकी वजह से खदान में खनन कार्य बाधित हो गया जिससे गेवरा प्रबंधन को लगभग 50 लाख रुपए का आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। प्रबंधन ने पुलिस में किए गए शिकायत में उल्लेख किया है कि उनका यह कृत्य न केवल सरकारी कार्य में अवैध बाधा उत्पन्न करने वाला है, बल्कि सार्वजनिक व्यवस्था एवं कानून-व्यवस्था के लिए भी गंभीर खतरा है। खनन क्षेत्र एक अत्यंत संवेदनशील एवं प्रतिबंधित कार्यस्थल है, जहाँ बिना अनुमति किसी भी व्यक्ति का प्रवेश निषिद्ध है। उक्त व्यक्तियों द्वारा बिना किसी वैधानिक अनुमति के जबरन खदान क्षेत्र में प्रवेश करना न केवल सुरक्षा नियमों का गंभीर उल्लंघन है, बल्कि इससे किसी भी समय गंभीर दुर्घटना, जनहानि अथवा अन्य अप्रिय घटना घटित होने की प्रबल संभावना उत्पन्न हो सकती थी। यदि उनके इस अवैध कृत्य के दौरान कोई दुर्घटना या जनहानि होती, तो उसके लिए पूर्णतः वही व्यक्ति उत्तरदायी होंगे। उनके इस कृत्य से खदान की सुरक्षा व्यवस्था, कर्मचारियों के जीवन ⏭ शेष पेज 3 पर



प्रदर्शन में शामिल ग्रामीण।

### असामाजिक तत्वों पर पुलिस ने की प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

**कोरबा।** पुलिस द्वारा जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा असामाजिक गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में विवाद, अशांति फैलाने की संभावना एवं सार्वजनिक शांति भंग करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध पुलिस द्वारा कार्रवाई करते हुए कुल 14 प्रकरणों में धारा 128 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई है। धारा 128 बीएनएसएस के अंतर्गत ऐसे व्यक्तियों के विरुद्ध कार्यवाही की जाती है, जिनसे शांति भंग होने अथवा लोक व्यवस्था प्रभावित होने की संभावना होती है। इस कार्यवाही के माध्यम से संबंधित व्यक्तियों को भविष्य में किसी भी प्रकार का विवाद, अशांति या कानून व्यवस्था की स्थिति निर्मित नहीं करने हेतु पाबंद किया जाता है। कोरबा पुलिस द्वारा अपराधों की रोकथाम, असामाजिक तत्वों पर निगरानी एवं आमजन में सुरक्षा का वातावरण बनाए रखने के उद्देश्य से लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। आगे भी जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने एवं कानून व्यवस्था को प्रभावित करने वाले तत्वों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक एवं वैधानिक कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

## खबर संक्षेप

### चोर ले उड़े 3 लाख के जेवर नकद

**बिलासपुर।** घरवाले सोते रह गए और चोर घर में धावा बोलकर 3 लाख रुपए जेवर व नकद चोरी कर आसानी से भाग गए। पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पाई है। मस्तूरी पुलिस के अनुसार, वेदपरसदा निवासी देवकुमार पटेल का परिवार 24 जून की रात खाना खाने के बाद सो गए। रात 3 बजे उनकी मां नीरा बाई सोकर उठी तो बाड़ी जाने का दरवाजा खुला मिला, उन्होंने घरवालों को जगाया। श्री पटेल के कमरे का दरवाजा बाहर से बंद था। उनकी मां दरवाजा खोकर उन्हें बाहर निकाली। उनकी मां के रूम की आलमारी से सोने का मंगलसूत्र, दूसरे कमरे के आलमारी से 10 तोला चांदी का करधन, 10 नग बिछिया, पायल, सोने का टाप्स, 2500 रुपए नकद सहित 3 लाख के जेवर चोरी हो गए थे। सूचना पर पुलिस घर का मुआयना कर लौट गई। पुलिस ने उनके रिपोर्ट पर अपराध कायम कर लिया है।

### आपरेशन यात्री सुरक्षा में पकड़े गए दो मोबाइल चोर

**बिलासपुर।** आरपीएफ की टीम ने आपरेशन यात्री सुरक्षा अभियान चलाकर मोबाइल चोरी के मामले में दो आरोपी को पकड़ा है। 6 मई को रेलवे स्टेशन के फुट ओवरब्रिज के पास यात्री के मोबाइल चोरी का मामला जीआरपी में दर्ज किया गया था। आरपीएफ और जीआरपी की टीम चोर की खोजबीन कर रही थी। जीआरपी और आरपीएफ की टीम ने पेट्रोलिंग के दौरान एक माह बाद मुखबिर की सूचना पर मध्यप्रदेश सिवनी निवासी महेश तुलसीराम परते को पकड़कर पूछताछ की, जिसने मोबाइल चोरी करने के बाद उसे बेच देने की जानकारी दी। पूछताछ के बाद आरपीएफ और जीआरपी की टीम ने कोहिनूर मोबाइल दुकान के संचालक अशोक यादव को भी गिरफ्तार कर लिया है।

### स्टेशन पर ऑटोमेटिक वेंडिंग मशीन से खरीदी

**बिलासपुर।** रेल मंडल बिलासपुर के रायगढ़ रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नं 1 पर ठंडे पेय पदार्थों हेतु ऑटोमेटिक वेंडिंग मशीन का शुभारंभ किया गया है। यह पहल रेलवे की यात्री-केंद्रित एवं तकनीक-आधारित सेवाओं को बढ़ावा देने की दिशा में एक सराहनीय कदम है। इस ऑटोमेटिक वेंडिंग मशीन के माध्यम से अब यात्रियों को ठंडे पेय पदार्थ खरीदने के लिए स्टॉल पर जाने की आवश्यकता नहीं होगी। यात्री स्वयं इस मशीन का उपयोग कर अपनी सुविधा अनुसार कोका-कोला ब्रांड के विभिन्न ठंडे पेय पदार्थ आसानी से प्राप्त कर सकेंगे। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह ने बताया कि रेलवे यात्रियों को सुरक्षित, सुविधाजनक एवं गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्रदान करने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है।

### डिजिटल भुगतान बढ़ा 36.10 फीसदी

**बिलासपुर।** रेलवे ने डिजिटल भुगतान प्रणाली में भी बढ़त बनाई है। जानकारी के अनुसार यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप के माध्यम से 20.67 फीसदी अनारक्षित टिकटों की बुकिंग हुई, जिससे दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे गैर-उपनगरीय रेलवे में प्रथम स्थान पर रहा। पीआरएस काउंटरों पर डिजिटल भुगतान 8.52 फीसदी से बढ़कर 36.10 फीसदी तक पहुँचा, जो कैशलेस लेनदेन की दिशा में बड़ी उपलब्धि है। इसके अलावा रायपुर मंडल में एआई-सक्षम ड्रोन द्वारा ओएचई निरीक्षण प्रारंभ किया गया। भिलाई एवं कोरबा में एआई आधारित ऑटोमैटिक वैगन डैमेज डिटेक्शन सिस्टम स्थापित किया गया। हरित ऊर्जा के अंतर्गत 2,263 किलोवॉट पावर क्षमता के सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किए गए।

### आपरेशन नन्हें फरिश्ते में 324 बच्चों को बचाया गया

**बिलासपुर।** दपूमरे में आरपीएफ ने आपरेशन नन्हें फरिश्ते का अभियान चलाकर 324 बच्चों को बचाया है। वहीं रेलवे सुरक्षा बल ने 55.61 लाख रुपए के अवैध टिकट, 3.31 करोड़ रुपए के नशीले पदार्थ जब्त किया है। वहीं 1.72 करोड़ रुपए की चोरी गई संपत्ति यात्रियों को वापस दिलाई गई है। इसके साथ ही दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने 4193 नए कर्मचारियों की भर्ती कर कार्यबल को सुदृढ़ किया।

---

**कानन पेण्डारी जू के पास बनाई गई अरण्यिका** | **सड़क किनारे लगे फेंसिंग और पोल, जमीन पर हो गया बेजा कब्जा**

# बिना किसी सुरक्षा के चल रही पौधे तैयार करने वाली अरण्यिका

**बिलासपुर।** कानन पेण्डारी जू के बगल में पौधों को तैयार करने के लिए बनाई गई अरण्यिका बिना किसी सुरक्षा के चल रही है, जहां सड़क के किनारे लगे फेंसिंग और पोल पार हो चुके हैं। वहीं विभाग की जमीन पर बेजा कब्जा भी कर लिया गया है। इस देखने के बाद भी विभाग के अधिकारी अनदेखा कर रहे हैं।

शहर से 8 किलोमीटर की दूरी पर कानन पेण्डारी जू और स्मृति वन के बीच में अरण्यिका बनाई गई है। इसका संचालन सामाजिक वानिकी विभाग करता है। अरण्यिका में मुख्य रूप से बारिश से पूर्व छायादार और फलदार पौधे तैयार किए जाते थे। करीब 25 एकड़ से अधिक क्षेत्र में बनी अरण्यिका में सागौन और विभिन्न प्रजातियों यानि भारतीय



और विदेशी बांस के पौधे लगाए गए थे। पौधों की तैयार करने के साथ अरण्यिका में शहद भी बनाने का काम किया जाता है। यहां चारों ओर हरे-भरे बांस और अन्य प्रजातियों के पेड़ के अलावा तैयार किए गए पौधे भी रखे गए हैं। कानन पेण्डारी जू की दीवार से लगे अरण्यिका की सुरक्षा करने के लिए सड़क के किनारे पोल और फेंसिंग भी लगाए गए हैं। वर्तमान में अरण्यिका का ऐसा हाल हो गया है कि सुरक्षा के लिए लगाए गए पोल को तोड़ने के साथ फेंसिंग को काटकर असामाजिक तत्वों ने पार कर दिया है। किसी तरह की सुरक्षा नहीं होने के कारण एक साल पहले अरण्यिका में किसी अज्ञात व्यक्ति ने आग लगा दी थी, जिसकी खोजबीन विभाग के अफसर व स्टाफ अब तक नहीं कर सके हैं।

विभागीय अफसरों के आदेश पर आग लगने वाले स्थान की सफाई करने के बाद नए पौधे लगा दिए गए हैं, जो वर्तमान में बड़े पेड़ बन चुके हैं। इसके बावजूद सड़क किनारे लगाए गए फेंसिंग और गायब पोल के अलावा सुरक्षा की ओर कोई भी ध्यान नहीं दे रहा है।

### आग स्वयं लगाते हैं मौके पर

अरण्यिका के कर्मचारियों का कहना है कि किसी व्यक्ति ने बीड़ी पीकर अंदर फेंक दिया था। गर्मी के मौसम में पेड़ से गिरने वाले सूखे पत्ते के कारण आग पूरे क्षेत्र में फैल गई, जिसे दो से तीन घंटे में बुझा दिया गया। इसमें कुछ पेड़ भी जलकर गिर गए थे। कर्मचारियों के अनुसार सागौन और बांस के पेड़ के नीचे सूखे पत्तों पर प्रतिवर्ष गर्मी के मौसम में आग लगाया जाता है, ताकि वहां सफाई भी हो जाए। आग के कारण किसी तरह का नुकसान नहीं हुआ था।

### सड़क किनारे अवैध कब्जा

सकरी से तखतपुर की ओर जाने वाली सड़क पर वन चेतना केन्द्र से लेकर कानन पेण्डारी जू तक का क्षेत्र काफी बड़ा है। इसका संचालन वन विभाग बिलासपुर, अचानकमार टाइगर रिजर्व बायोस्फियर और सामाजिक वानिकी तीनों अलग-अलग करती है। कानन पेण्डारी जू के बाहर का हिस्सा अब तक बचा हुआ है, लेकिन वन चेतना केन्द्र, स्मृति वाटिका से लेकर अरण्यिका के बाहर के हिस्से में कुछ लोगों ने बेजा कब्जा कर दुकानदारी करना भी शुरु कर दिया है। इन दुकानदारों पर तीनों विभाग की ओर से कोई भी कार्रवाई नहीं की गई है, जिसके कारण दुकानदार खुलेआम बिना किसी भय के अपना काम कर रहे हैं।

### चेक करवाते हैं

अरण्यिका के बाहर सड़क किनारे लगे फेंसिंग और पोल के चोरी होने की जानकारी नहीं है। इसकी जानकारी ली जाएगी, जिसे चेक करने के लिए स्टाफ को कहा जाएगा। अगर विभाग की जमीन पर बेजा कब्जा हुआ है तो उसे हटाने की भी कार्रवाई की जाएगी।

-**नीरज कुमार**, डीएफओ, सामाजिक वानिकी

---

**कक्षा 1 से 8 तक के बच्चे 2 कमरें में पढ़ने को मजबूर**

# 10 माह पहले अधिकारियों ने किया निरीक्षण लेकिन नतीजा सिफर



### 2 घंटे चलती है कक्षा


खास बात यह है कि सुबह 7.30 से 10.30 बजे तक प्राथमिक कक्षाएं लगती है, इसमें भी एक घंटे मध्यान भोजन में गुजर जाता है। इसके बाद 11 बजे से माध्यमिक कक्षाओं के बच्चे स्कूल में प्रवेश कर जाते है। जिसके चलते प्राथमिक कक्षाओं के लिए महज 2 घंटे की क्लास लगाई जाती है। ऐसी व्यवस्थाओं के चलते बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है। सरपंच सत्यवती दिनेश धृतलहरे ने बताया कि अधिकारियों को इसकी जानकारी है लेकिन अबतक स्कूल के लिए भवन की व्यवस्था नहीं की गई है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- मेड़पार बाजार में पिछले साल गिरी थी सिलिंग

तखतपुर ब्लॉक के मेड़पार बाजार स्थित मिडिल स्कूल जर्जर हो चुका है। पिछले साल स्कूल के कई कमरे में छत के प्लास्टर गिर गए थे इसके बाद एसडीएम, तहसीलदार और आरईएस के अधिकारियों ने स्कूल का मुआयना किया और प्रतिवेदन तैयार कर उच्च अधिकारियों को दे दिया, लेकिन 10 माह बाद भी स्कूल जर्जर है। ना तो नया भवन बनाया गया और ना ही मरम्मत कराई गई। अब जब स्कूल खुल चुका है, यहां पढ़ने वाले बच्चे दहशत में शिक्षा ग्रहण कर रहे है।

शिक्षा की अलख जगाते हुए अधिकारियों ने मूलभूत सुविधाओं से ही किनारा कर दिया है, प्राइमरी और मीडिल स्कूल को एक साथ मर्ज कर पढ़ाया जा रहा है, लेकिन इस दौरान काफी अव्यवस्था का सामना करना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि मेड़पारा बाजार के प्राइमरी स्कूल का भवन जर्जर होने के बाद स्कूल को मीडिल स्कूल में मर्ज किया गया है, ऐसे में कक्षा 1 से लेकर 8वीं तक करीब 200 बच्चे 3 कमरे के मीडिल स्कूल में ही शिक्षा प्राप्त करते हैं, स्कूल की छत काफी कमजोर हो चुकी है, बारिश के दिनों में छत पर पानी भरने और सीपेज की समस्या रहती है। पिछले साल लगातार बारिश के बाद छत का प्लास्टर गिर गया था, इस दौरान कुछ बच्चे चोटिल होने से बच गए थे, इसके बाद ही अधिकारियों का अमला स्कूल के निरीक्षण के लिए पहुंचा था लेकिन अधिकारियों के जाने के बाद आज तक यहां मरम्मत का कार्य नहीं हो सका है।



### यह है हालात

बताया जा रहा है कि 8 कक्षाओं को 4 कमरों के स्कूल में मर्ज किया गया है, जिसमें 3 में ही कक्षाएं लगाए जा सकती हैं। स्कूल में बाउंड्रीवाल नहीं है। बच्चों का खाना भी प्रधान पाठक के कार्यालय में बनता है। शौचालय की स्थिति काफी खराब है। अधिकारियों को कई बार पत्राचार करने के बाद भी शिक्षा विभाग के अधिकारी भवन मरम्मत के लिए फंड का जुगाड़ नहीं कर सके हैं।

### मरम्मत कराई जाएगी

मुझे आए ज्यादा दिन नहीं हुआ है मेरी जानकारी में नहीं है लेकिन अब अधिकारियों को भेजकर स्कूल की हालत देखी जाएगी। हाल ही में उसकी मरम्मत भी चालू कराई जाएगी अगर बिल्डिंग की हालत अधिक खराब होगी तो शासन को नवीन भवन के लिए प्रस्ताव भेजा जाएगा।

-**रामेश्वर जायसवाल**, डीईओ

---

**नगर निगम में गाड़ियों की कमी**

# निगम अफसरों को वाहन नहीं मिलेगा 80 लीटर पेट्रोल-डीजल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- मेयर इन कौंसिल की बैठक में लिया गया फैसला

नगर निगम में कई उपायुक्त व जोन कमिश्नर सहित इंजीनियरों को सरकारी गाड़ी नहीं मिली है, क्योंकि निगम में गाड़ियों की कमी है। इसलिए निगम अब अपने निजी कार वाहनों का उपयोग करने वाले अधिकारियों, इंजीनियरों को हर माह 80 लीटर पेट्रोल या डीजल देगा।

नगर निगम की बहुत सी गाड़ियां पुरानी हो गई हैं जो अब उपयोग के लायक नहीं रह गई है। वहीं दूसरी तरफ निगम में उपायुक्त से लेकर कई जोन कमिश्नरों और इंजीनियरों के पास सरकारी गाड़ी नहीं है, जिससे उन्हें अपने निजी वाहन कार से ही निगम आफिस व फील्ड में आना-जाना पड़ता है। नगर निगम में गुरुवार शाम को मेयर इन कौसिंल की बैठक हुई, जिसमें निगम में अधिकारियों व इंजीनियरों के लिए वाहनों की कमी का विषय भी चर्चा के लिए आया। इसलिए मेयर इन कौंसिल की बैठक में यह निर्णय लिया गया है कि नगर निगम जिन अधिकारियों, इंजीनियरों के पास सरकारी वाहन नहीं है वे अपने निजी वाहन कार का उपयोग कर सकते



हैं। इसके लिए उन्हें प्रत्येक माह 80 लीटर पेट्रोल या डीजल नगर निगम की ओर से दिया जाएगा ताकि शासकीय कार्य के लिए उन्हें अपने वाहनों में खुद से पेट्रोल, डीजल डलवाना न पड़े।

### अन्य प्रस्ताव एमआईसी में पास

आज एमआईसी की बैठक में कुछ वाहन चालकों के तदर्थ नियुक्ति कार्यकाल बढ़ाए जाने तथा प्लेसमेंट श्रमिक रखें जाने निविदा रखा गया था। इसके अलावा कुंदन पैलेस से लेकर पुराना बस स्टैंड तक आरआरसी ड्रेन निर्माण सहित सड़क व नाली निर्माण और अन्य विकास कार्यो के प्रस्ताव एवं टेंडर के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई है।

### हंगामा के मद्देनजर पहली बार एमआईसी की वीडियोग्राफी

नगर निगम में पिछले कुछ एमआईसी की बैठकों में किसी न किसी विषय, मुद्दों को लेकर हंगामा या एमआईसी सदस्यों एवं महापौर के बीच तकरार का मामला सामने आया है। पिछली एमआईसी बैठक में भी कुछ इस तरह का विवाद उठा था और हंगामा हुआ था। इसलिए इस बार नगर निगम की ओर से एमआईसी बैठक के दौरान वीडियोग्राफी कराने की व्यवस्था की गई थी। इससे पहले निगम में सामान्य सभा में वीडियोग्राफी कराई जाती रही है, किन्तु एमआईसी की बैठक में आज पहली बार पूरी प्रक्रिया की विडियो शूटिंग कराई गई, जिससे आज सदस्यों ने बैठक दौरान चुप्पी साधे रखा और किसी तरह का विवाद, हंगामा नहीं हुआ।

---

# चाकू की नोंक पर युवक का अपहरण कर 50 हजार रुपए फिरौती की मांग, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

चाकू की नोंक पर युवक का अपहरण कर 50 हजार रुपए फिरौती की मांग करने वाले नाबालिग सहित दो युवकों को पुलिस ने पकड़कर अपहत युवक को छुड़ा लिया है। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया है।

रतनपुर थाना प्रभारी विष्णु यादव ने बताया, 24 जून 2026 को भेलवापारा कलमीटार निवासी घनश्याम पाटले अपने घर के आंगन में थे। इसी दौरान इशान सारथी, सोम रजक, निखिल रजक उर्फ एलियन व उनके साथी आए और बोले तुमसे कुछ काम है, बात करना है। उसके घर के बाहर आने पर घनश्याम के गले में चाकू अड़ाकर जान से मारने की धमकी देते हुए जबरदस्ती बाइक में बैठाकर कोरबा भंवर जंगल ले गए। घनश्याम के सामने पेपर में गांजा

**एक आरोपी पुलिस पकड़ से बाहर**



प्रार्थी।



आरोपी।

फैलाकर फोटो खींच ली। युवकों ने उससे घर में फोन लगाकर कहलाया कि वह गांजा के मामले में पाली थाना में पकड़ा गया है। केस रफादफा करने के लिए 50 हजार रुपए चाहिए। उसकी मां पैसा देने तैयार हो गई और कहा पैसा कहां लाना है।

युवकों ने उन्हें पैसा लेकर महामाया मंदिर रतनपुर बाइपास बादल महल के पास आने के लिए कहा। उसकी मां वहां गई तो युवक उन्हें हेलीपेड के पास आने के लिए बोलने लगे। घरवालों को संदेह हुआ और उन्होंने पुलिस को सूचना दी।

घरवालों के साथ पुलिस को देखकर दो युवक भागने लगे। पुलिस ने पीछा कर इशान सारथी पिता वीरू सारथी महामाया चौक रतनपुर निवासी व एक नाबालिग को पकड़कर अपहत युवक को बरामद कर लिया है। पुलिस ने बीएनएस की धारा 140, 3, 3, 5, 308, 6 के तहत दोनों को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं उनका एक साथी पुलिस पकड़ से बाहर है।

### वकील का मोबाइल हैक कर डेढ़ लाख की ठगी

**बिलासपुर।** वकील का मोबाइल हैक कर दो किश्तों में ट्रांसफर कर 1 लाख 42 हजार 500 की आनलाइन ठगी कर ली गई है। तारबाहर पुलिस के अनुसार, विद्यानगर शिव मंदिर निवासी वकील खेलन सोनवानी पिता शिव कुमार सोनवानी 27 मई 2026 को कोर्ट रूम में थे। इसी दौरान उनका मोबाइल अचानक अपडेट होने लगा और हैक हो गया। इस दौरान उनके बैंक खाते से दो किश्तों में 1 लाख 42 हजार 500 रुपए ट्रांसफर कर लिया गया है। उन्होंने पतासाजी की तो एमेजोन पे के माध्यम से पैसा टांसफर हुआ है। इस फ्राड के लिए ईमेल का उपयोग किया गया है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर ईमेल आईडी धारक के खिलाफ बीएनएस की धारा 318, 4 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

# मस्तुरी में एक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की सौगात

**बिलासपुर।** जिले में जल्द ही नए सीएचसी की स्थापना होगी। मस्तुरी क्षेत्र के पचपेड़ी में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र स्थापित करने की स्वीकृति मिल गई है, स्वास्थ्य विभाग अब भवन के लिए शासन को पत्र लिख रहा है, जिसके बाद जिले के 4 ब्लॉकों के बाद पचपेड़ी में भी लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेगी।

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार करीब 40 किमी दूर स्थित पचपेड़ी क्षेत्र में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के जरिए स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराया जा रहा है। मस्तूरी ब्लॉक के अंतर्गत पड़ने वाले इस पीएससी में स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव रहता है, डाक्टर की कमी के चलते कई बार ताला लग जाता है। ऐसे में बिलासपुर जिले के सिम्स और जिला अस्पताल में इलाज कराना पड़ता है, इस दौरान दूरी अधिक होने के कारण मरीजों को जान का खतरा बना रहता है। स्वास्थ्य विभाग ने हाल ही में पचपेड़ी में भी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खोलने का प्रस्ताव भेजा था, जिसे स्वीकृति मिल गई है। वर्तमान में पीएससी की बिल्डिंग मौजूद है लेकिन इस बिल्डिंग में सीएचसी अस्पताल नहीं चलाया जा सका है ऐसे में जल्द ही बिल्डिंग बनाई जाएगी, औपचारिक तौर पर मस्तूरी सीएचसी से डाक्टर और नर्स की ड्यूटी लगाई जा रही है।

### 7 डाक्टर सहित 20 का स्टाफ होगा मौजूद

पचपेड़ी में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खुलने के बाद 7 डाक्टर सहित 20 का स्टाफ मौजूद होगा। अस्पताल में सर्जिकल, मेडिकल, स्त्रीरोग, शिशुरोग, निश्चेतना, दंत जैसे रोगों के लिए विशेषज्ञ डाक्टर की पदस्थापना की जाएगी। साथ ही एक चिकित्सा अधिकारी और खंड चिकित्सा अधिकारी भी पदस्थ रहेंगें। नर्सिंग सिस्टर, लैब टैक्निशियन, रेडियोग्राफर, ओटी टैक्निशियन, स्टाफ नर्स और दंत सहायक की भर्ती की जाएगी।

### लोगों को बेहतर इलाज मिल सकेगा

मस्तुरी जैसे बड़े ब्लॉक में पचपेड़ी सामुदायिक स्वास्थ्य का खुलना लोगों के लिए सहुलियत भरा होगा। हमारे पास पदों का प्रस्थाव आ चुका है, वहां के लिए भर्ती की जाएगी। साथ ही बिल्डिंग की समस्या है इसके लिए विभाग को पत्राचार किया जा रहा है। इससे लोगों को बेहतर इलाज मिल सकेगा।

-**डॉ शुभा गरेवाल**, सीएमएचओ, स्वास्थ्य विभाग

---

**बीते वर्ष पंजीकृत हो चुके किसानों को इसकी जरूरत नहीं**

# धान खरीदी के लिए पंजीयन-संशोधन 1 जुलाई से

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- 31 अक्टूबर तक जारी रहेगी प्रक्रिया

समर्थन मूल्य पर सहकारी समितियों में धान बेचने वाले किसानों के पंजीयन एवं संशोधन की प्रक्रिया एक जुलाई से प्रारंभ की जा रही है। यह काम 31 अक्टूबर तक चलता रहेगा। इस दौरान बीते वर्ष पंजीकृत हो चुके किसानों को फिर से पंजीयन कराने की जरूरत नहीं होगी। किसान अगर कोई संशोधन कराना चाहें तो संशोधन कराया जा सकेगा।

खरीफ सीजन के लिए किसानों ने धान की अभी बोनी भी शुरू नहीं की है और सरकार ने धान खरीदी के लिए प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। इस साल सरकार ने सभी श्रेणी के किसानों को समर्थन मूल्य पर धान बेचने के लिए एग्रीस्टेक पंजीकृत होना अनिवार्य किया है। ऐसे में जिन किसानों ने बीते वर्ष अपना एग्रीस्टेक पंजीयन नहीं कराया था, वे 1 जुलाई से यह कार्य करवा सकेंगे। इसी तरह जिन किसानों के द्वारा बीते वर्ष अपना पंजीयन करवा लिया गया है, उन्हें इस साल फिर से पंजीयन कराने की जरूरत नहीं



होगी। इस दौरान किसाान अगर अपने दस्तावेजों में नॉमिनी, मोबाईल नंबर या अन्य किसी तरह के बदलाव की जरूरत महसूस करें तो वे 31 अक्टूबर तक यह कार्य करवा सकेंगे। इस साल प्रत्येक खरीदी केंद्र में बायोमेट्रिक व्यवस्था के सुचारू संचालन के लिए एक स्थायी धान खरीदी केंद्र प्रभारी का नामांकन किया जाएगा, जिसका आधार नंबर भी जरूरी होगा। बायोमेट्रिक आधार पर खरीदी करने के लिए न केवल कर्मचारियों को वृहद स्तर पर प्रशिक्षण दिया जाएगा, बल्कि किसानों की जानकारी के लिए भी इस व्यवस्था का प्रचार-प्रसार किए जाने के निर्देश हैं।

### पंजीयन करा सकेंगे किसान

समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी के अंतर्गत एक जुलाई से 31 अक्टूबर तक किसानों के एग्रीस्टेक पंजीयन व संशोधन संबंधी कार्य संपन्न किए जाएंगे। इस साल समर्थन मूल्य पर धान बेचने के लिए प्रत्येक किसान का एग्रीस्टेक पंजीकृत होना अनिवार्य किया गया है। गत वर्ष एग्रीस्टेक पंजीकृत किसानों को नया पंजीयन कराने की जरूरत नहीं होगी।

-**अमृत कुजूर**, खाद्य नियंत्रक

### छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस के मार्ग में संशोधन 16 से

**बिलासपुर।** झांसी मंडल में यार्ड रिमाडलिंग कार्य करने का कार्य किया जाएगा, जिसके कारण दूसरे जोन के साथ एसईसीआर बिलासपुर जोन से चलने वाली ट्रेनों का परिचालन भी प्रभावित रहेगा। उत्तर मध्य रेलवे के झांसी मंडल के वीरांगन लक्ष्मीबाई झांसी से बीना सेक्शन के बीच ललितपुर स्टेशन में यार्ड रिमाडलिंग का कार्य 16 से 19 जुलाई के बीच करने का निर्णय लिया गया है। यार्ड रिमाडलिंग के दौरान कुछ एक्सप्रेस ट्रेनों को रद्द किया गया है। वहीं कई ट्रेनों का परिचालन परिवर्तित मार्ग से भी किया जाएगा, जिसमें दपूमरे बिलासपुर जोन से होकर और गुजरने वाली कुछ एक्सप्रेस गाड़ियां शामिल है। इसमें 16 से 19 जुलाई तक अमृतसर से बिलासपुर आने वाली 18238 अमृतसर-बिलासपुर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया मथुरा, बयाना, सोगरिया, रूठियाई, बीना मार्ग होकर बिलासपुर तक चलाने का निर्णय लिया गया था। इन ट्रेनों में छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस के परिवर्तित मार्ग में संशोधन किया गया है।

# सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाने चला प्रशासन का डोजर

**चांपा।** जांजगीर चांपा चांपा से लगे ग्राम पंचायत कुर दा की सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर मकान एवं दुकान का निर्माण किया गया है। इस मामले में बुलडोजर चला कर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई। साथ ही मामले में पांच लोगों को नोटिस दिया गया है। गौरतलब है कि नगर पालिका परिषद चांपा से लगे ग्राम पंचायत कुरदा के सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर मकान एवं दुकान बना दिया गया है जिसके चलते लोगों को परेशानी हो रही है बताया जा रहा है कि इस सरकारी जमीन पर



करीब 11 लोगों के द्वारा अतिक्रमण किया गया है इस मामले की मिली शिकायत के आधार पर तहसीलदार एवं उनकी टीम द्वारा संबंधित स्थल का निरीक्षण किया गया। साथ ही साथ सरकारी जमीन पर से बुलडोजर के माध्यम से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई।

## खबर संक्षेप



### नवापारा में मनाया गया संकुल स्तरीय प्रवेशोत्सव

**कटघोरा।** संकुल केन्द्र रजकम्मा में जनपद शिक्षा समिति के अध्यक्ष दिलहरण कश्यप के मुख्य आतिथ्य, नोडल प्राचार्य राजीव जोगी की अध्यक्षता, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कुम्देश गोभिल ,सांसद प्रतिनिधि नीलेश यदु के विशिष्ट आतिथ्य में शाला प्रवेशोत्सव धूमधाम से मनाया गया। नवापारा सरपंच उर्मिला पैकरा,सेजस रजकम्मा हाई स्कूल एस एम डी सी अध्यक्ष कृष्णा यदु,वरिष्ठ व्याख्याता विनोद जायसवाल,बी आर सी रामगोपाल जायसवाल ,एस एम सी अध्यक्ष दिलभरत,चंदन दास बघेल सहित संकुल रजकम्मा के प्रधानपाठक मंच में उपस्थित थे।सर्वप्रथम अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती के समक्ष द्वीप प्रज्वल्लित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।तत्पश्चात अतिथियों का पुष्पा माला एवं बुके भेंटकर स्वागत किया गया।पुष्पा सागर एवं नीता खांडे ने अतिथियों के सम्मान में स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया।सी ए सी जीवन सिंह मरकाम ने स्वागत भाषण देते हुए कार्यक्रम के उद्देश्य को बताया।नवपदस्थ विकास खंड शिक्षाअधिकारी गोभिल ने प्राथमिक शाला के शिक्षकों को शिक्षा जगत का नींव का पत्थर बताया।प्राथमिक शाला के विद्यार्थियों को उनके लक्ष्य अनुसार पढ़ना लिखना और गणितीय ज्ञान से परिपूर्ण कर उच्च प्राथमिक शाला के लिए तैयार करने को कहा।मुख्य अतिथि दिलहरण कश्यप ने पालकों को महत्वपूर्ण बताते हुए बच्चो को नियमित विद्यालय भेजने का आग्रह किया। कृष्णा यदु और दिलभरत ने भी सदन में अपने उदगार और आशीर्वचन व्यक्त किये। एफ एल एन शिक्षिका श्रद्धा शर्मा और निर्मल पटेल को विशेष उपलब्धियो के लिए विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी ने सम्मानित किया।

### बचपन के मित्र 40 वर्षो बाद दूसरी मिले



**कोरबा।** बालको देश की शान चरितार्थ करने वाले 70 से 90 दशक की युवा जो बालको मे विभिन्न स्कूलों मे पढ़े और यहाँ से अपने आने वाले भविष्य को निश्चित दिशा मे लेजाने हेतु भारत के विभिन्न शहर में रहते हुए देश के विकास लिए कार्य करते हुये अपना योगदान दे रहे हैं कोई इंजीनियर तो कोई डॉक्टर तो कोई उद्योगपति, वकील, शिक्षक, व्यवसायी, शासकीय कर्मचारी अधिकारी आदि हैं। इन सभी हमजोली मित्रों का मित्र मिलन समारोह बालको नगर के मंगल भवन में 20 एवं 21 जून को संपन्न हुआ।जिसमें 40 वर्ष पहले बचपन में एक साथ पढ़े लिखे और खेले दोस्तों का एक दूसरे से दूसरी बार मिलने का अवसर मिला जो आज पचपन से ज्यादा उम्र के हो गए हैं लेकिन इस मिलन समारोह में सब दोस्तों में वही स्कूल के अपने बचपन को याद किया और उस गुजरे दिनों की आप बीती सुनाई। सभी मित्र वर्तमान में महाराष्ट्र,दिल्ली, एमपी, झारखंड,उत्तर प्रदेश, बिहार,नागपुर, इंदौर, कोलकाता,पं .बंगाल और छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में निवासरत हैं। सम्मलेन के पश्चात सभी मित्र अपने निवास स्थान के लिए एक नई उर्जा लेकर पुनःमिलने की उम्मीद लेकर अपने निवास की तरफ रवाना हो गए।

## पृष्ठ 1 का शेष

### आसान किश्तों...

वाली महिला नोनी बाई यादव को मात्र 11 हजार रुपए मासिक किश्त पर 5 लाख रुपए का लोन दिलाने का प्रलोभन दिया। इसके बाद पुष्पेंद्र ने महिला के मोबाइल में संचालित डिजिटल भुगतान ऐप का उपयोग कर 40 हजार 5 सौ रुपए की राशि एक अन्य व्यक्ति के बैंक खाते में ट्रांसफर करवा दी। पुष्पेंद्र ने पहले से ही उस खाताधारक को भी लोन दिलाने का झांसा देकर उसका क्यूआर कोड प्राप्त कर रखा था। राशि ट्रांसफर होने के बाद पुष्पेंद्र संबंधित व्यक्ति के साथ बैंक पहुंचा और नकद राशि निकलवाकर अपने कब्जे में ले ली विवेचना के दौरान पुलिस ने पुष्पेंद्र के कब्जे से ठगी की राशि में से 27 हजार 70 रुपए जब्त किया गया। वहीं पुष्पेंद्र को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है।

### आंदोलन करने...

एवं सार्वजनिक हित को गंभीर खतरा उत्पन्न हुआ। गेवरा परियोजना देश की महत्वपूर्ण कोयला खदानों में से एक है। यहाँ से उत्पादित कोयला देश के विद्युत उत्पादन एवं ऊर्जा सुरक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। वर्तमान समय में, जब देश में ऊर्जा की बढ़ती आवश्यकता को पूरा करने के लिए निरंतर कोयला उत्पादन आवश्यक है, ऐसे समय में जानबूझकर खनन कार्य को बलपूर्वक रोकना केवल एसईसीएल के आर्थिक हितों के विरुद्ध ही नहीं बल्कि सरकारी कार्य में अवैध बाधा उत्पन्न करना एवं व्यापक जनहित को प्रभावित करने वाला गंभीर कृत्य है। मामले में सुरक्षा निरीक्षक धनाराम सूर्यवंशी की रिपोर्ट पर गोवर्धन कंवर, गायत्री कंवर एवं अन्य के विरुद्ध धारा 126(2), 127(2),3(5) बीएनएस के तहत दीपका थाना में जुर्म दर्ज किया गया है।

---

### कुछ दिनों पूर्व ही अकलतरा से गिरफ्तार किया गया था पाकिस्तान से जुड़ा स्लीपर सेल

# विद्युत संयंत्रों में नियोजित ठेका श्रमिकों की सत्यापन व्यवस्था पर उठने लगे सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अकलतरा स्थित पावर प्लांट में ठेका श्रमिक के रूप में काम कर रहे पाकिस्तान से जुड़े कथित स्लीपर सेल सदस्य की गिरफ्तारी ने सुरक्षा एजेंसियों के साथ-साथ ऊर्जाधानी कोरबा की औद्योगिक सुरक्षा व्यवस्था को भी कटघरे में खड़ा कर दिया है। जांच में सामने आया है कि आरोपी लंबे समय से पहचान छिपाकर रह रहा था और स्थानीय लोगों से बेहद सीमित संपर्क रखता था। जिले में संचालित विभिन्न औद्योगिक उपक्रमों में भी हजारों की संख्या में ठेका श्रमिक कार्य पर नियोजित हैं। इनकी सत्यापन व्यवस्था को लेकर भी अब सवाल उठने लगे हैं।

सबसे बड़ा सवाल यह है कि यदि औद्योगिक क्षेत्र में कोई व्यक्ति महीनों तक अपनी वास्तविक पहचान छिपाकर रह सकता है तो कोरबा जैसे देश के सबसे बड़े ऊर्जा केंद्र में सुरक्षा और सत्यापन की व्यवस्था कितनी मजबूत है। जिले में एनटीपीसी, सीएसपीजीसीएल, बालको, केपीएल, सहित निजी ताप विद्युत संयंत्रों, कोयला खदानों और विभिन्न औद्योगिक इकाइयों में हजारों ठेका श्रमिक कार्यरत हैं। इनमें बड़ी संख्या उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और अन्य राज्यों से आने वाले श्रमिकों की है। सूत्रों के अनुसार केवल दर्री स्थित विद्युत कंपनी के आवासीय कॉलोनी और आसपास के औद्योगिक क्षेत्रों में ही एक हजार से अधिक बाहरी श्रमिक निवास कर रहे हैं। इनमें से कितनों का पुलिस सत्यापन हुआ है, कितनों की जानकारी स्थानीय थानों में दर्ज है और कितनों का रिकॉर्ड अद्यतन है, यह बड़ा सवाल बनकर उभर रहा है। नियमों के अनुसार किरायेदारों और बाहरी श्रमिकों की जानकारी स्थानीय पुलिस को देना आवश्यक है। ठेका कंपनियों को भी कर्मचारियों का दस्तावेजी सत्यापन सुनिश्चित करना होता है लेकिन पड़ताल में सामने आ रहा है कि कई मामलों में श्रमिकों का रिकॉर्ड केवल फाइलों तक सीमित रहता है। ठेका बदलते ही श्रमिक बदल जाते हैं और उनकी वास्तविक जानकारी अपडेट नहीं हो पाती। कई श्रमिक ऐसे भी हैं जो अस्थायी कमरों, झुग्गियों और निजी मकानों में रहते हैं जहां नियमित सत्यापन की व्यवस्था कमजोर दिखाई देती है।



फाइल फोटो

#### दर्री कॉलोनी क्यों बनी चर्चा का केंद्र

दर्री क्षेत्र लंबे समय से औद्योगिक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र रहा है। यहां विभिन्न परियोजनाओं में काम करने वाले बाहरी श्रमिक बड़ी संख्या में निवास करते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार नए लोगों के आने-जाने की जानकारी आसपास के निवासियों तक भी नहीं पहुंचती। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि क्या यहां रहने वाले सभी बाहरी व्यक्तियों का पुलिस रिकॉर्ड उपलब्ध है। क्या समय-समय पर सत्यापन अभियान चलाए जाते हैं।

#### ठेका कंपनियों पर भी उठ रहे सवाल

अकलतरा की घटना के बाद अब निगाहें उन ठेका कंपनियों पर भी टिक गई हैं जो बड़ी संख्या में श्रमिकों की भर्ती करती हैं। सवाल यह है कि नियुक्ति के समय दस्तावेजों की जांच कितनी गहराई से की जाती है। क्या आधार, निवास, पुलिस सत्यापन और पूर्व रिकॉर्ड की वास्तविक जांच होती है या केवल औपचारिकता पूरी की जाती है। यदि एक संदिग्ध व्यक्ति औद्योगिक क्षेत्र में श्रमिक बनकर लंबे समय तक सक्रिय रह सकता है, तो यह व्यवस्था में मौजूद खामियों की ओर संकेत करता है।

#### सत्यापन के बाद जारी होता है गेट पास

निजी कंपनियों द्वारा कार्य में नियोजित ठेका श्रमिकों की सेवा लेने से पूर्व उनका दस्तावेजी सत्यापन किया जाता है इस दौरान आधार कार्ड व अन्य दस्तावेज जमा करने के बाद ही गेट पास जारी किया जाता है। बिना गेट पास के संयंत्र के भीतर प्रवेश नहीं करने दिया जाता।

-अजीत तिर्की,
वेल्फेयर ऑफिसर, डीएसपीएम संयंत्र

#### दस्तावेजों की होती है जांच

नियमानुसार ठेका कंपनियों में नियोजित श्रमिकों की दस्तावेजों की जांच कर गेटपास जारी किया जाता है। बिना गेटपास के श्रमिकों को कार्य पर नियोजित नहीं किया जाता।

-आर पी टंडन
सुरक्षा अधिकारी, डीएसपीएम संयंत्र

#### सबसे बड़ा सवाल

अकलतरा में कथित स्लीपर सेल की गिरफ्तारी ने एक बार फिर यह चेतावनी दी है कि संवेदनशील औद्योगिक क्षेत्रों में सुरक्षा केवल गेट पास और आईडी कार्ड तक सीमित नहीं रह सकती। जिले के विद्युत संयंत्रों, कोयला खदानों और औद्योगिक कॉलोनियों में कार्यरत हजारों बाहरी श्रमिकों का सत्यापन पूरी तरह अपडेट है। क्या ठेका कंपनियां अपनी जिम्मेदारी पूरी कर रही हैं और क्या सुरक्षा एजेंसियों के पास हर बाहरी व्यक्ति का अद्यतन रिकॉर्ड मौजूद है। इन सवालों के जवाब केवल प्रशासन ही नहीं, बल्कि पूरे औद्योगिक तंत्र को देने होंगे। क्योंकि ऊर्जा राजधानी की सुरक्षा में एक छोटी सी चूक भी बड़े खतरे का कारण बन सकती है।

---

# महिला नगर सैनिकों की शिकायत पर आयोग सख्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक की अध्यक्षता में आज जिला कलेक्ट्रेट सभा कक्ष, कोरबा में महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रकरणों की जनसुनवाई आयोजित की गई। सुनवाई में प्रदेश स्तर पर कुल 404 प्रकरणों तथा कोरबा जिले के 12 प्रकरणों पर विचार किया गया।

जनसुनवाई के दौरान लगभग 300 नगर सैनिकों द्वारा हस्ताक्षरित एक महत्वपूर्ण शिकायत पर आयोग ने गंभीरता से सुनवाई की। शिकायत में नगर सेना के तत्कालीन कमांडेंट पर महिला नगर सैनिकों के साथ अनावश्यक सख्ती बरतने और सार्वजनिक रूप से अभद्र भाषा का प्रयोग करने के आरोप लगाए गए थे। मामले में अब तक आंतरिक परिवाद समिति (आईसीसी) की जांच नहीं होने पर आयोग ने नगर सेना कमांडेंट, कोरबा को निर्देशित किया कि वे दो माह के भीतर सभी संबंधित नगर सैनिकों और संबंधित अधिकारी के बयान दर्ज कर आईसीसी के माध्यम से जांच कर रिपोर्ट आयोग को प्रस्तुत करें। सुनवाई के दौरान आयोग ने वैवाहिक विवाद, भरण-पोषण, संपत्ति विवाद, कार्यस्थल पर प्रताड़ना, पुलिस कार्रवाई तथा पारिवारिक मामलों से जुड़े अन्य प्रकरणों में भी दोनों पक्षों को सुनते हुए आवश्यक निर्देश, समझाइश एवं अनुशंसाएं जारी कीं। कुछ मामलों में पक्षकारों को न्यायालयीन उपाय अपनाने की सलाह दी गई, जबकि कुछ प्रकरणों में महिला थाना, सखी सेंटर तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। एक प्रकरण में पति द्वारा पत्नी और बच्चे के भरण-पोषण की उपेक्षा किए जाने पर आयोग ने अनावेदक पति को प्रतिमाह 5 हजार रुपये भरण-पोषण राशि देने के निर्देश दिए। वहीं एक अन्य प्रकरण में आवेदिका के नाम से खरीदे गए मकान को लेकर उत्पन्न विवाद में आयोग ने संबंधित पक्ष को एक माह के भीतर मकान खाली करने की समझाइश दी।

**खास बात**

- महिला आयोग ने नगर सेना कमांडेंट ो दो माह में जांच रिपोर्ट देने के दिए निर्देश

---

# ठेका कंपनी में हाजिरी को लेकर बवाल दो पक्षों में हुई मारपीट, अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल कुसमुंडा क्षेत्र स्थित नीलकंठ माइंस में हाजिरी को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया।

**खास बात**

- एसईसीएल कुसमुंडा खदान में नियोजित नीलकंठ कंपनी का मामला

हाजिरी दर्ज करने को लेकर शुरू हुई कहासुनी देखते ही देखते दो पक्षों के बीच मारपीट में बदल गई। घटना के बाद दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई, जिस पर कुसमुंडा पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

जानकारी के अनुसार पहले पक्ष की ओर से सोनपुरी निवासी 24 वर्षीय दीपक कंवर ने शिकायत दर्ज कराई है। दीपक नीलकंठ माइंस में चालक के रूप में कार्यरत है। उसने बताया कि वह रात करीब 9:30 बजे ड्यूटी पर पहुंचा था। किसी कारणवश उसे देर हो गई थी, जिसके बाद उसने सुपरवाइजर से हाजिरी लगाने की बात कही। इसी दौरान वहां मौजूद सचिन पटेल और रवि पटेल ने समय को लेकर विवाद शुरू कर दिया। दीपक का आरोप है कि दोनों ने उसके साथ गाली-गलौच करते हुए मारपीट की, जिससे उसके दाहिने पैर में चोट आई। घटना के समय देशु पटेल और टेशु महंत भी मौके पर मौजूद थे। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया। वहीं दूसरे पक्ष की ओर से नीलकंठ माइंस के सुपरवाइजर सचिन पटेल ने भी शिकायत दर्ज कराई है। सचिन के अनुसार, रात करीब 11 बजे दीपक कंवर, कृष्णा महंत, टेशु पटेल और उनके अन्य साथी टीपर वाहनों को रोक रहे थे, जिससे कार्य प्रभावित हो रहा था। सूचना मिलने पर रविशंकर पटेल, भूषण पटेल और सुमित पटेल मौके पर पहुंचे और वाहन रोकने का कारण पूछा। सचिन का आरोप है कि पूछताछ के दौरान दीपक कंवर और उसके साथियों ने गाली-गलौच शुरू कर दी तथा हाथ-मुक्कों से हमला कर दिया। बीच-बचाव करने पहुंचे अन्य कर्मचारियों के साथ भी मारपीट की गई। इतना ही नहीं, माइंस इंचार्ज के साथ भी अभद्र व्यवहार और गाली-गलौच की गई।

घटना के बाद कुसमुंडा पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायतों पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 115(2), 296 और 3(5) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और घटना में शामिल अन्य लोगों की भूमिका भी खंगाली जा रही है। नीलकंठ माइंस में हुई इस घटना के बाद क्षेत्र में चर्चा का माहौल है। फिलहाल पुलिस दोनों पक्षों के बयान और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

---

# सभी पीएचसी में एंटी रैबीज वैक्सीन व एंटी-स्नेक वेनम की उपलब्धता सुनिश्चित करें : दुदावत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में स्वास्थ्य विभाग की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। बैठक में जिला स्वास्थ्य अधिकारी, जिला टीबी एवं कुष्ठ अधिकारी, जिला आयुर्वेद अधिकारी, जिला टीकाकरण अधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के नोडल अधिकारी, खण्ड चिकित्सा अधिकारी, कार्यक्रम सलाहकार एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्री दुदावत ने निर्देशित किया कि “सुघ्घर छत्तीसगढ़ अभियान” के तहत आयोजित शिविरों में शेष पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड, वय वंदन कार्ड एवं आभा आईडी शत-प्रतिशत बनाए जाएं तथा उन्हें सभी राष्ट्रीय स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ प्रदान किया जाए। उन्होंने पीएम जनमन योजना अंतर्गत पीवीटीजी ग्रामों में आयुष्मान भारत कार्ड एवं जननी सुरक्षा योजना की प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों (सीएचओ) की नियमित समीक्षा बैठक आयोजित करने के निर्देश देते हुए कहा कि उत्कृष्ट कार्य करने वाले सीएचओ को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाए तथा कम उपलब्धि वाले अधिकारियों की विशेष समीक्षा की जाए।

#### बरसात में डेंगू-मलेरिया नियंत्रण पर विशेष ध्यान देने के दिए निर्देश

बरसात के मौसम को देखते हुए कलेक्टर ने डेंगू, मलेरिया एवं अन्य मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए सभी आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सीएचसी, पीएचसी, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर तथा मितानिन दवा पेटियों में सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि डॉग बाइट के उपचार हेतु एंटी रेबीज वैक्सीन तथा सर्पदंश के उपचार हेतु एंटी-स्नेक वेनम सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध होना चाहिए, ताकि आपात स्थिति में मरीजों को तत्काल उपचार मिल सके।

---

# आपातकाल के 51 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा ने निकाला मौन जुलूस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



मौन जुलूस में शामिल भाजपाई।

भाजपा द्वारा आपातकाल के 51 वर्ष पूर्ण होने पर संविधान हत्या दिवस के रूप में लोकतंत्र के काले अध्याय को याद करते हुए मौन जुलूस निकाला गया। भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता शामिल हुए।

मौन जुलूस के माध्यम से भाजपा कार्यकर्ताओं ने वर्ष 1975 में लगाए गए आपातकाल को लोकतंत्र, संविधान और नागरिक अधिकारों पर किया गया सबसे बड़ा प्रहार बताते हुए जनजागरण का संदेश दिया। कार्यक्रम में उपस्थित नेताओं ने कहा कि आपातकाल के दौरान अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का हनन किया गया, विपक्षी नेताओं को जेलों में डाल दिया गया और प्रेस की आवाज को दबाने का प्रयास किया गया। यह भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का एक ऐसा अध्याय है जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी, विधायक अनुज शर्मा, महापौर संजू देवी राजपूत, भाजपा संभाग सह प्रभारी डॉ. राजीव सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक चावलानी, पूर्व महापौर जोगेश लांबा, जिला महामंत्री संजय शर्मा, वरिष्ठ पार्षद नरेंद्र देवांगन, एमआईसी सदस्य हितानंद अग्रवाल, पवन गर्ग सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए।

---

# सागरमल धनोंदिया बने छत्तीसगढ़ अग्रवाल सम्मेलन के प्रदेश उपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा



सागरमल धनोंदिया

प्रदेश अध्यक्ष रामवतार अग्रवाल ने अपने सत्र 2026 से 2031 तक के लिए नविन कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए समाज सेवा और संगठन को मजबूत करने का किया आह्वान छत्तीसगढ़ अग्रवाल सम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष रामवतार अग्रवाल ने अपनी नई प्रदेश कार्यकारिणी का गठन करते हुए कटघोरा के प्रतिष्ठित व्यवसायी एवं अग्रवाल सभा कटघोरा के वर्तमान संयोजक सागरमल धनोंदिया को प्रदेश उपाध्यक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है उनका कार्यकाल आगामी पांच वर्षों के लिए रहेगा। इसी के साथ नई कार्यकारिणी में घांसिराम अग्रवाल,अशोक अग्रवाल,भरत अग्रवाल, चंद्रप्रकाश सिंघानिया, पवन अग्रवाल (शारदा) एवं सुरेश बंसल को कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया गया है इसके सांथ ही कटघोरा इकाई के लिए पवन अग्रवाल ज्योति को अध्यक्ष व अभिषेक गर्ग को महामंत्री की जवाबदेही दी गई सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों के मनोनयन पर समाजजनों एवं शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दी हैं। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष रामवतार अग्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ अग्रवाल सम्मेलन समाज की एकता, सेवा और संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। नई कार्यकारिणी में ऐसे समर्पित एवं सक्रिय साथियों को जिम्मेदारी दी गई है, जो समाजहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हैं। मुझे पूर्ण विश्वास है कि सभी पदाधिकारी आपसी समन्वय, पारदर्शिता और समर्पण के साथ कार्य करते हुए समाज को नई दिशा एवं गति प्रदान करेंगे। हमारा लक्ष्य युवाओं को संगठन से जोड़ना, सामाजिक समरसता को मजबूत करना तथा शिक्षा, सेवा और संस्कार के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करना है।

**खास बात**

- प्रदेश अध्यक्ष रामअवतार अग्रवाल ने की सम्मेलन की नई कार्यकारिणी की घोषणा

### मेगा शतरंज प्रतियोगिता 28 को

**कोरबा।** जेसीआई कोरबा सेंट्रल द्वारा 28 जून को सीनियर क्लब सीएसईबी फुटबॉल ग्राउंड के सामने, कोरबा ईस्ट में मेगा शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्गों के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। इस प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूल, कालेजों के बच्चों के साथ साथ ओपन कैटेगरी में आम नागरिकों को भी अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा।

## कोरबा मार्केट

स्वास्थ्य सेवा में बनाएं अपना सुनहरा भविष्य
सिद्धि विनायक हॉस्पिटल एण्ड पैरामेडिकल कॉलेज
मान्यता प्राप्त एवं परिषद से संबद्ध, MP PARAMEDICAL COUNCIL से संबद्ध
पात्रता (ELIGIBILITY)
शैक्षणिक योग्यता 12 वीं पास (जीव विज्ञान विषय के साथ)
कोर्सेज (पाठ्यक्रम)
D.M.L.T. (2 वर्ष)
डिप्लोमा इन मेडिकल लेब टेक्नोलॉजियन
O.T. TECHNICIAN (1 वर्ष)
ऑपरेशन थियेटर टेक्नशियन
X-RAY TECHNICIAN (2 वर्ष)
एक्स-रे टेक्नशियन
07759-222211, 9993000683, 9109488443, 9425558441
सिद्धि विनायक हॉस्पिटल, प्लॉट नं. 52, कोसाबाड़ी, ब्लू बर्ड स्कूल के पीछे, कोरबा, छत्तीसगढ़

न्यायालय तहसीलदार कोरबा, जिला-कोरबा (छ.ग.)

**।। ईश्तहार।।**

रा.प्र.क. 202605050600090
श्रेणी अ-6-अ वर्ष 2025-26
ग्राम-खरमोरा, प.ह.न.-20

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण सत्य प्रकाश पिता सुंदर लाल, निवासी पाली, तहसील-जांजगीर, जिला-जांजगीर चांपा छ.ग. द्वारा आवेदकगण के माता, दादी, सास कृष्णा देवी के खरीदी हक की भूमि ग्राम-खरमोरा प०ह०नं0 20 रा०नि०मं० दादरखुर्द स्थित पुराना ख.नं. 4/5 का नया ख.नं. 580/1 रकबा 0.06 एकड़ को विकेता फिरत राम राठौर पिता विश्राम राठौर निवासी कांशी नगर बुधवारी बाजार कोरबा से रजिस्ट्री विक्रय पत्र दिनांक 30/03/2009 को स्व. कृष्णा देवी द्वारा क्रय किया गया। क्रय करने पश्चात उक्त भूमि का नामांतरण कराया गया, किन्तु उक्त भूमि वर्तमान आनलाईन बी-1 पी-2 में विक्रेता फिरत राम राठौर के नाम पर दर्ज दिखा रहा है। आवेदक गण द्वारा उक्त खसरे की भूमि को कम्प्यूटर ऑनलाईन बी-1, पी-2 भुईयां के राजस्व अभिलेख में मृतिका कृष्णा देवी पति सुंदर लाल के नाम अभिलेख दुरूस्ती किये जाने हेतु आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 115, छ.ग.भू.रा. संहिता के तहत इस न्यायालय में आवेदन पत्र मय दस्तावेज प्रस्तुत किया है।

उक्त संबंध में किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति इस न्यायालय में नियत तिथि दिनांक 08/07/2026 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 23/06/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा से जारी।

**तहसीलदार**
**कोरबा, जिला (छ.ग.)**

**शपथ पत्र**

मै हर्ष कुमार चन्द्रा, उम्र 20 वर्ष, पिता-विवेकानंद चन्द्रा, निवासी-एच.आई. जी. 08, डूप्लेक्स हाऊसिंग बोर्ड, कॉलोनी झगरहा, कोरबा जिला कोरबा (छ.ग.) का निवासी हूं जो कि निम्नांकित कथन शपथपूर्वक करता हूं-

01. यह कि, उक्त पते पर निवास करता हूं तथा मेरा आधार नंबर- 9122 5761 1413 हैं।
02. यह कि, मेरा कक्षा 10वी, एवं कक्षा 12वी की अंकसूची, ट्रांसफर सर्टिफिकेट. कैरेक्टर सर्टिफिकेट, जो कि पावर हाउस रोड कोरबा में दिनांक 21/06/2026 को कहीं गिर गया। जिसे बहुत खोजबीन करने पर मुझे नही मिला। और न ही मिलने की संभावना है।
03. यह कि, मुझे ट्रांसफर सर्टिफिकेट, कैरेक्टर सर्टिफिकेट, की द्वितीय प्रति की अत्यंत आवश्यकता है जिसे प्रदान किया जाए।
04. यह कि, मेरे द्वारा दी गई जानकारी सत्य एवं सही है तथा उपरोक्त डॉक्यूमेंट का उपयोग कहीं भी एडमिशन लेने के लिए नही किया गया है।
05. यह कि, मुझे ट्रांसफर सर्टिफिकेट, कैरेक्टर सर्टिफिकेट, की द्वितीय प्रति प्राप्त करने हेतु मै अपने कथन के समर्थन व साक्ष्य स्वरूप मै इस शपथपत्र का निष्पादन कर रहा हूँ।

**शपथकर्ता**
**हर्ष कुमार चन्दा**

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

खबर संक्षेप



## कोरबी में संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव

**हरदीबाजार।** विकासखंड पाली अंतर्गत ग्राम पंचायत कोरबी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल उपस्थित रहे। श्री पटेल ने नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर एवं मिठाई खिलाकर विद्यालय प्रवेश कराया। कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि मुकेश जायसवाल, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष तेरश ओगरे, सरजू निषाद, मंडल महामंत्री अमरनाथ कौशिक, शांतिलाल धीवर, शेखर चौहान, प्राचार्य वीरभद्र सिंह पैकरा एवं शिक्षक सुरेन्द्र राठौर सहित समस्त शिक्षक शिक्षिका व छात्र छात्राएँ उपस्थित रहे। विधायक श्री पटेल ने अपने उद्बोधन में बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए अभिभावकों से कहे कि अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने का आग्रह किया। शाला प्रवेश उत्सव के माध्यम से शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा अधिक से अधिक बच्चों को विद्यालय से जोड़ने का संदेश दिया गया।

## सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त आवेदनों का हो रहा समयबद्ध निराकरण

**कोरबा।** आम नागरिकों की समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने और शासकीय सेवाओं को जन-जन तक पहुंचाने में सीएम हेल्पलाइन प्रभावी माध्यम के रूप में कार्य कर रही है। पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों एवं आवेदनों पर संबंधित विभागों द्वारा प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई की जा रही है, जिससे हितग्राहियों को समयबद्ध राहत मिलने के साथ-साथ आवश्यक सेवाओं का लाभ भी सुगमता से प्राप्त हो रहा है। इसी कड़ी में विकासखण्ड करतला अंतर्गत ग्राम चैनपुर निवासी कृष्ण पाल, विजय सिंह राठौर द्वारा नवीन राशन कार्ड जारी करने संबंधी आवेदन सीएम हेल्पलाइन में दर्ज कराया गया था। आवेदन प्राप्त होने के उपरांत कार्यालय जनपद पंचायत करतला द्वारा आवश्यक परीक्षण एवं प्रक्रिया पूर्ण कर हितग्राही को नवीन राशन कार्ड जारी कर दिया गया। वहीं ग्राम रोगदा निवासी वेदराम पटेल ने राशन कार्ड में सदस्य का नाम जोड़ने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया था। प्रकरण का परीक्षण कर आवश्यक दस्तावेजों का सत्यापन किया गया तथा संबंधित सदस्य का नाम राशन कार्ड में दर्ज कर दिया गया।

## एफएसएसएआई की मान्यता से चमकी शहर की चटकारा चौपाटी



**कोरबा।** खाद्य सुरक्षा और स्वच्छता के क्षेत्र में जिले ने उपलब्धि हासिल की है। निगम द्वारा घंटाघर क्षेत्र में विकसित चटकारा चौपाटी को भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण ने प्रदेश की पहली ईट राइट क्लीन स्ट्रीट हब के रूप में मान्यता प्रदान की है। यह सम्मान चौपाटी में संचालित 40 से अधिक स्ट्रीट फूड विक्रेताओं को खाद्य सुरक्षा और स्वच्छता के तय मानकों के अनुरूप विकसित किए जाने के बाद मिला है। जिला खाद्य सुरक्षा विभाग पिछले दो वर्षों से इस दिशा में लगातार काम कर रहा था। स्ट्रीट फूड विक्रेताओं को एक स्थान पर व्यवस्थित करने, फूड लाइसेंस उपलब्ध कराने, स्वच्छता एवं खाद्य सुरक्षा संबंधी प्रशिक्षण देने के साथ-साथ एप्रन, हैंडवॉश, नेपकिन और डस्टबिन जैसी जरूरी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गईं। मान्यता देने से पहले भारत सरकार द्वारा अधिकृत थर्ड पार्टी एजेंसी ने चौपाटी का प्री-ऑडिट और पोस्ट-ऑडिट किया। सभी मानकों पर खरा उतरने के बाद चटकारा चौपाटी को यह प्रतिष्ठित दर्जा मिला। खाद्य सुरक्षा विभाग का मानना है कि यह पहल नागरिकों को सुरक्षित, स्वच्छ और गुणवत्तापूर्ण स्ट्रीट फूड उपलब्ध कराने की दिशा में बड़ा कदम है और प्रदेश के अन्य शहरों के लिए भी एक मॉडल साबित होगी।

# समयमान वेतनमान, पदोन्नति, ग्रुप इंश्योरेंस, कैशलेस चिकित्सा पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

### निगम कर्मचारी परामर्शदात्री समिति की हुई बैठक



आयुक्त आशुतोष पाण्डेय की अध्यक्षता में निगम की कर्मचारी परामर्शदात्री समिति की बैठक साकेत भवन में सम्पन्न हुई। बैठक में छत्तीसगढ़ स्वायत्तशासी कर्मचारी महासंघ न.पा.नि.कोरबा के महामंत्री अरूण मिश्रा ने कर्मचारी हितों से संबंधित विभिन्न प्रस्ताव समिति के समक्ष रखें, जिस पर विस्तार से विचार विमर्श किया गया तथा प्रस्तावों को शासन को भेजने का निर्णय लिया गया।

निगम के साकेत भवन में निगम कर्मचारी परामर्शदात्री समिति की बैठक सम्पन्न हुई, जिसमें कर्मचारियों के हित से संबंधित विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। छत्तीसगढ़ स्वायत्तशासी कर्मचारी महासंघ के महामंत्री अरूण मिश्रा एवं अन्य पदाधिकारियों ने कर्मचारी हित से जुडे.विभिन्न प्रस्ताव समिति के समक्ष प्रस्तुत किये गये, जिस पर चर्चा हुई, वहीं संघ पदाधिकारियों ने आयुक्त आशुतोष पाण्डेय को विभिन्न प्रस्तावों का ज्ञापन भी सौपा। बैठक के दौरान कर्मचारियों को समयमान, वेतनमान का लाभ दिये जाने, पदोन्नति प्रदान किये जाने, रिक्त पदों पर सीधी भर्ती करने, दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों का नियमितीकरण, प्लेसमेंट में कार्यरत कम्प्यूटर आपरेटरों के वेतन में वृद्धि किये जाने, प्लेसमेंट में तकनीकी कर्मचारियों की भर्ती करने, कर्मचारियों का गुरप इंश्योरेंस एवं कैशलेस चिकित्सा का लाभ दिये जाने, संविदा नियुक्ति की परंपरा को समाप्त करने, एल.एस.जी.डी. का पृथक से इंक्रीमेंट जोड़ने, विभागीय कर्मचारियों को योग्यता अनुसार आवासगृहों के आबंटन एवं कर्मचारियों के आवासगृहों का मरम्मत सहित अन्य विभिन्न विषयों से संबंधित प्रस्ताव समिति के समक्ष रखें गये, जिन पर चर्चा हुई तथा इनसे जुड़े आवश्यक प्रस्तावों को शासन को भेजने का निर्णय लिया गया।

### अप्रैल महीने का नहीं मिला मानदेय

# तपती दुपहरी में मितानिनों ने संविलियन करने मानदेय बढ़ाने की मांग को लेकर घेरा कलेक्ट्रेट



कलेक्ट्रेट के सामने प्रदर्शन करतीं मितानिन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के ग्रामीण अंचलों में काम करने वाली मितानिन एवं अन्य स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं ने मानदेय बढ़ाने एवं एनएचएम में संविलियन की मांग को लेकर

**खास बात**

- मैदानी क्षेत्र में लंबे समय से कर रही हैं स्वास्थ्य सेवा

अपने पूर्व घोषणा के तहत गुरुवार को तपती दुपहरी में घंटाघर से पैदल चलकर कलेक्ट्रेट पहुंची और घंटों प्रदर्शन किया। मितानिनों की इस प्रदर्शन से कुछ देर के लिए कोसाबाड़ी आईटीआई मार्ग अवरुद्ध रहा। स्वास्थ्य विभाग की एंबुलेंस को भी वापस लौटना पड़ा।

पिछले लंबे समय से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं देने वाली मितानिन और एमटी स्वास्थ्य वर्कर अपनी पुरानी मांगे एनएचएम में संविलियन और मिल रहा मानदेय को बढ़ाने की मांग को लेकर राज्य शासन के पास कई बार पत्र व्यवहार कर चुकी थीं। प्रदेश मितानिन संघ के बैनर तले अपनी मांगों को लेकर इनके द्वारा जिला स्तर पर भी धरना प्रदर्शन कर शासन को ज्ञापन सौंपा गया था। किन्तु अब तक उनकी मांगों पर अमल नहीं किये जाने से गुरुवार को प्रदेश मितानिन संघ के द्वारा पूरे प्रदेश भर में जिला मुख्यालयों में धरना प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। इसी कड़ी में जिले में भी बड़ी संख्या में मितानिन संघ के बैनर तले घंटाघर ओपन थियेटर में एकत्रित हुईं, जहां से पैदल चलकर लगभग डेढ़ किलोमीटर दूर तपती दुपहरी में कलेक्ट्रेट पहुंच कर मेन गेट के सामने प्रदर्शन किया। उनका कहना था कि भाजपा द्वारा अपने चुनावी घोषणा पत्र में मितानिनों के मानदेय 50 प्रतिशत बढ़ाने एवं एनएचएम में संविलियन का वादा किया था। सरकार को बने ढाई साल बीत चुका है किन्तु अब तक उस पर कोई पहल नहीं हुई है। कलेक्ट्रेट मेन गेट में प्रदर्शन के दौरान कुछ देर के लिए कोसाबाड़ी आईटीआई मार्ग के अवरुद्ध होने से आवागमन भी प्रभावित हुआ। वहीं कोसाबाड़ी से आ रहे स्वास्थ्य विभाग की एंबुलेंस को भी वापस लौटना पड़ा।

**अल्प मानदेय पर काम करने की मजबूरी**

मितानिनों का कहना था कि छोटी छोटी बीमारियों से लेकर उनकी दवाइयों के वितरण का काम घर घर जाकर मरीजों को करना पड़ता है। इसके साथ ही उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र या फिर जिला चिकित्सालय भी उन्हें ही लाना पड़ता है। इस दौरान कई बार आर्थिक कठिनाइयों का भी सामना करना पड़ता है। विभागीय सहयोग नहीं मिलने के कारण मरीजों को उनके ही खर्च पर जिला चिकित्सालय में जाने की मजबूरी हो जाती है।

**पानी के लिए भटकती रहीं**

पैदल चलकर कलेक्ट्रेट पहुंची पसीने से लथपथ मितानिनें पानी के लिए भटकती नजर आईं। कलेक्ट्रेट के दोनों गेट बंद होने के कारण भीड़ में शामिल मितानिन अंदर नहीं जा सकीं। वहीं कलेक्ट्रेट के बाहर दो वर्ष पूर्व बनाया गया प्याऊ को भी उखाड़ दिया गया है। धरने में शामिल मितानिन यह कहते नजर आईं कि एटीएम से पैसा जरूर मिल जाएगी किन्तु कलेक्ट्रेट के सामने पानी नहीं मिल पाएगा। थक हारकर उन्हें आसपास के होटलों में पहुंचकर अपनी प्यास बुझानी पड़ी।

# निजी स्कूल के शिक्षक व प्रबंधन ने भी कलेक्ट्रेट में किया प्रदर्शन




प्रदर्शन करते निजी स्कूलों के शिक्षक व प्रबंधन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

निजी स्कूल के शिक्षक व उनके प्रबंधन के द्वारा पहली बार जिले में अपनी मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट के सामने प्रदर्शन

**खास बातें**

- शासकीय किताबों के समय पर नहीं मिलने की बतायी समस्या
- जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर मुख्यालय में किताबें उपलब्ध कराने की रखी मांग

करना पड़ा। सरकार के द्वारा दी जाने वाली निःशुल्क किताबों के समय पर नहीं पहुंचने की समस्या को बताते हुए उनके द्वारा जिला मुख्यालय में ही किताबें उपलब्ध कराने की मांग की गई।

राज्य शासन के द्वारा प्रतिवर्ष निःशुल्क किताबों का वितरण शासकीय और अशासकीय स्कूलों में किया जाता है। इसमें शासकीय स्कूलों को शासन के द्वारा ही जिले में लाकर जन शिक्षा केन्द्रों में आपूर्ती कर दी जाती है। इस वजह से शासकीय स्कूलों में किताबें सही समय पर पहुंच जा रही हैं। किन्तु दूसरी ओर अशासकीय स्कूलों की स्थिति इसके ठीक विपरीत है। स्कूल प्रबंधन को किताबों के लिए अब स्वयं के खर्च पर बिलासपुर पाठ्य पुस्तक निगम के गोदाम से लाना पड़ता है और वहां भी उन्हें सभी विषय की किताबें उपलब्ध नहीं हो पाती हैं। वर्ष भर उन्हें सभी विषय की किताबें नहीं मिलने की वजह से पढ़ाई में दिक्कत होती है। वहीं स्कूल प्रबंधन का यह भी कहना था कि अन्य प्रकाशनों की किताब चलाए जाने पर भी शासन द्वारा रोक लगा दी गई है। इससे भी उनकी पढ़ाई व्यवस्था प्रभावित हो रही है।

**सीजी बोर्ड के स्कूल रहे बंद**

शहर और उपनगरीय क्षेत्रों में संचालित निजी स्कूलों के शिक्षकों और स्कूल प्रबंधन के द्वारा कलेक्ट्रेट के सामने धरना प्रदर्शन किए जाने को लेकर बंद नजर आए। हालांकि कुछ बड़े स्कूलों में एक दो शिक्षक तैनात रहे। हालांकि बच्चों की कम उपस्थिति होने के कारण पढ़ाई भी अन्य दिनों की तुलना में शुरू नहीं हो सकी है।

# लोनर ने किया सूरजपुर का रुख, ड्रोन कैमरे में कैद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



ड्रोन कैमरे से हाथी की निगरानी करते वन कर्मचारी।

जिले के केंदई वनपरिक्षेत्र में आतंक मचाकर वन विभाग तथा ग्रामीणों के नाक में दम कर देने वाले लोनर हाथी ने अब सूरजपुर वनमंडल का रूख कर लिया है। ड्रोन कैमरे से लोकेशन ढूंढने पर गुरुवार की सुबह लोनर हाथी का लोकेशन पड़ोसी सूरजपुर वनमंडल के जंगल में मिला, जहां वह एक स्थान पर विचरण कर रहा था। इसकी सूचना परिक्षेत्र सहायक मंगल सिंह नायक द्वारा सूरजपुर के वन अधिकारियों को दी गई, जिस पर उन्होंने ड्रोन के सहारे इसकी पुष्टि की और अपने परिक्षेत्र सहायक पंकज झा, बीट गार्ड चरण सिंह व अन्य अमले को मौके पर रवाना कर लोनर की निगरानी तेज कर दी है।

उल्लेखनीय है कि लोनर पुटा के जंगल से गत रात्रि मूवमेंट किया और ताराघाटी होते हुए सूरजपुर वनमंडल की सीमा में प्रवेश करते ही विचरण करने लगा। इस दौरान केंदई रेंजर अभिषेक दुबे के नेतृत्व में परिक्षेत्र सहायक मदनपुर मंगल नायक, वन रक्षक पवन बिंझवार, चौकीदार मोहन सिंह, ऑपरेटर सुभाष नायक ड्रोन कैमरे से लगातार हाथी की निगरानी करते रहे। ज्ञात रहे यह लोनर हाथी सरगुजा वनमंडल से जिले में प्रवेश किया था और वनमंडल कटघोरा के केंदई रेंज के मदनपुर सर्किल में पहुंचकर लगातार उत्पात मचा रहा था। इस दौरान हाथी ने जहां तीन ग्रामीणों के मकान को ढहा दिया वहीं पतुरियाडांड में एक वृद्ध महिला पर हमला कर उसकी जान ले ली थी। लोनर के आतंक से क्षेत्र में रहने वाले ग्रामीण काफी दहशत में थे। वहीं इसकी निगरानी व ग्रामीणों की जान-माल की सुरक्षा को लेकर वन विभाग के अधिकारियों की चिंता भी बढ़ गई थी क्योंकि लोनर बेकाबू हो रहा था। लोनर के लोकेशन बदलने से वन विभाग ने कुछ राहत की सांस ली है। उधर कटघोरा वनमंडल के जटगा व एतमानगर रेंज में 48 हाथियों की मौजूदगी जटगा, बासीन व पचरा में लगातार बनी हुई है, जिसकी निगरानी संबंधित वन अमले द्वारा की जा रही है। हाथियों की हर गतिविधियों पर नजर रखा जा रहा है। हाथियों के आबादी वाले क्षेत्रों में पहुंचने की सूचना मिलते ही वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी तत्काल मौके पर पहुंच हाथियों को खदेड़ने की कार्यवाही करते हैं।

# खनिज विभाग की टीम ने 1620 घन मीटर अवैध रेत, एक ट्रैक्टर व टीपर किया जप्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



अवैध रूप से स्टाक कर रखी गई रेत जिसे किया गया जप्त।

जिले में अवैध खनन और खनिज परिवहन के खिलाफ खनिज विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए खनिज माफियाओं में हड़कंप मचा दिया है। कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देश और उप संचालक खनिज प्रशासन के मार्गदर्शन में चलाए गए विशेष अभियान के दौरान विभागीय उड़नदस्ता दल ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों में छापेमारी कर भारी मात्रा में अवैध रूप से भंडारित रेत और परिवहन में लगे वाहनों को जब्त किया है।

खनिज विभाग की टीम ने 24 जून को जिले के सलिहाभाटा, भैसामुड़ा, कटबिटला, कुदमुरमाल, सोनपुरी सीतामढ़ी, बरमपुर, राताखार, पोड़ी, कछार, चुहिया, बाल्को, कसनिया और कटघोरा सहित कई संदिग्ध क्षेत्रों में सघन जांच अभियान चलाया। कार्रवाई के दौरान अवैध रूप से रेत का उत्खनन और परिवहन करते पाए गए एक टीपर और दो ट्रैक्टरों को जब्त किया गया। भागीय अधिकारियों के अनुसार बरमपुर, राताखार और कसनिया क्षेत्रों से जब्त किए गए वाहनों को सर्वमंगला पुलिस चौकी, रामपुर थाना और खनिज जांच चौकी रामपुर-कटघोरा की अभिरक्षा में रखा गया है। इसके अलावा कछार क्षेत्र में अवैध रूप से भंडारित रेत के दो बड़े स्टॉक भी जब्त किए गए, जिनमें 600 घनमीटर और 720 घनमीटर रेत शामिल है। वहीं सोनपुरी क्षेत्र में 300 घनमीटर अवैध रेत भंडारण को भी जब्त किया गया। इस प्रकार कुल 1620 घन मीटर अवैध रेत विभाग के कब्जे में ली गई है। खनिज विभाग ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण पर पूरी तरह रोक लगाने के उद्देश्य से लगातार निगरानी और कार्रवाई की जा रही है। विभाग का कहना है कि अवैध खनन से न केवल प्राकृतिक संसाधनों को नुकसान पहुंचता है, बल्कि शासन को राजस्व हानि भी होती है। इसी कारण ऐसे मामलों में सख्त कानूनी कार्रवाई की जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ खान और खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957, छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 तथा अन्य संबंधित वैधानिक प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जा रही है। विभाग ने चेतावनी दी है कि अवैध खनन, परिवहन और भंडारण में संलिप्त पाए जाने वाले व्यक्तियों के खिलाफ आगे भी कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी। खनिज विभाग की लगातार कार्रवाई से जिले में सक्रिय खनिज माफियाओं में हड़कंप की स्थिति है। प्रशासन का कहना है कि प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा और अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण के लिए ऐसे अभियान भविष्य में भी निरंतर जारी रहेंगे।

### पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा आयोजित किया गया कार्यक्रम

# ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम का पालन किया जाना अनिवार्य : पाण्डेय

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



कार्यक्रम को संबोधित करते निगम आयुक्त व अन्य।

आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने कहा कि ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 का शहरी एवं ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में पालन किया जाना अनिवार्य है, इस नियम के तहत वल्क वेस्ट जनरेटरों, प्रतिष्ठानों, संस्थानों, निकायों, ग्राम पंचायतों सहित सभी की स्वयं की जिम्मेदारी है कि वह अपने यहॉ उत्सर्जित कचरे के उपचार, प्रसंस्करण व प्रबंधन का कार्य सुनिश्चित करायें। उन्होने कहा कि वर्ष 2016 के नियमों को अपडेट करते हुये ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 लागू किया गया है, जिसका पालन सभी के लिये अनिवार्य है।

आयुक्त श्री पाण्डेय ने कहा कि कोरबा में इंटीग्रेटेड सिस्टम पर सफाई कार्य कराने की कार्ययोजना पर कार्य किया जायेगा, अभी इस सिस्टम के बिना ही हम देश में स्वच्छता पर आठवें स्थान पर हैं किन्तु यदि हम इंटीग्रेटेड सिस्टम के आधार पर सफाई कार्य करेंगे तो निश्चित रूप से शीर्ष पर होंगे किन्तु इसमें सभी की पूर्ण सहभागिता अति आवश्यक है। छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल कोरबा द्वारा आज निगम के सहयोग से निगम के पं. जवाहरलाल नेहरू सभागार में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 पर एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस आयोजन में सार्वजनिक व औद्योगिक प्रतिष्ठान, विभिन्न संस्थानों, शासकीय कार्यालयों, ग्राम पंचायतों सहित शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के वेस्ट वल्क जनरेटर उपस्थित थे, कार्यशाला के दौरान माननीय उच्चतम न्यायालय के निर्देश पर भारत सरकार द्वारा लागू किये गये ठोस अपशिष्ट नियम 2026 के प्रावधानों से अवगत कराते हुये वल्क वेस्ट जनरेटरों को उनके यहॉं उत्सर्जित अपशिष्ट के प्रबंधन एवं इस हेतु निहित प्रावधानों की विस्तृत जानकारी उन्हें प्रदान की गई। बैठक को संबोधित करते हुये आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने वल्क वेस्ट जनरेटरों का मार्गदर्शन करते हुये कहा कि ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 में वल्क वेस्ट जनरेटरों को नये सिरे से चिन्हांकित किया गया है तथा उनके यहॉं उत्सर्जित अपशिष्ट के निपटान व प्रबंधन के संबंध में स्पष्ट दिशा निर्देश जारी कर सभी आवश्यक प्रावधान किये गये हैं, अतः सभी वल्क वेस्ट जनरेटर इन प्रावधानों का अनिवार्य रूप से पालन करें। उन्होने आगे कहा कि हमें अपने शहर की, अपने गली मोहल्ले व अपने घर की स्वच्छता के प्रति एलर्ट रहना है, स्वच्छता हम सबकी सर्वोच्च प्राथमिकता का विषय होना चाहिये, हम अपने प्रतिष्ठान, संस्थान, दुकान को स्वच्छ रखें।

## नैनो उर्वरकों से सशक्त हो रही खेती

**कोरबा।** कृषि क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने और किसानों को आधुनिक तकनीकों से जोड़ने के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी दिशा में नैनो उर्वरकों के उपयोग को प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिससे किसान कम लागत में बेहतर उत्पादन की ओर अग्रसर हो रहे हैं। इन प्रयासों का सकारात्मक प्रभाव अब ग्रामीण क्षेत्रों में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780